दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा वार 00 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 484



## संक्षिप्त खबरें ।

### नीतीश कुमार को महागठबंधन में आने का ऑफर, भाई वीरेंद्र बोले-'राजनीति में परमानेंट दोस्त कोई नही



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आरजेडी के एक विधायक ने नीतीश कुमार को महागठबंधन में शामिल होने का ऑफर दिया है। आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र ने खगड़िया में कहा कि राजनीति में ना कोई परमानेंट दोस्त होता है ना कोई दुश्मन होता है। राजनीति संभावनाओं का खेल है। खेला होता रहा है। आगे भी होगा देखिए क्या होता है। भाई वीरेंद्र ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की जेडीयू को सांप्रदायिक ताकतों को छोड़कर महागठबंधन का हिस्सा बनना चाहिए। अगर वह बीजेपी का साथ छोड़ते हैं तो उनको गठबंधन में शामिल करने के बारे में सोचा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कब सियासी हालात बदल जाए, इसे कोई नहीं जानता।

**तेजस्वी यादव ने दिया था ये बयानः** अभी हाल में तेजस्वी यादव ने कहा था कि एनडीए को 4–5 लोगों ने हाईजैक कर लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय का पूरा कंट्रोल बीजेपी के पास है। उन्होंने आरोप लगाया था कि दिल्ली में बैठे जेडीयू के कुछ बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। बिहार में बीजेपी ने पहले ही घोषित कर दिया है कि अगला विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। वहीं, आरजेडी के नेतृत्व में महागठबंधन चुनाव लड़ेगी। बता दें कि बिहार में नीतीश कुमार पहले भी कभी बीजेपी के साथ तो कभी आरजेडी के साथ जाकर सरकार बनाते रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि वह कब पाला बदल लें इसको लेकर कहा नहीं जा सकता। बताया जाता है कि नीतीश कुमार के बीजेपी और आरजेडी के सीनियर नेताओं से अच्छे संबंध भी हैं। उधर, अभी हाल में ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया जाना चाहिए। बेगुसराय के दौरे के दौरान गिरिराज सिंह नीतीश कुमार की तारीफ की। उन्होंने कहा कि नीतीश के सत्ता में आने तक बिहार खस्ताहाल सड़कों, स्कूलों और इमारतों के लिए जाना जाता था, जिन्होंने राज्य को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

# नीतीश की चुप्पी, तेजस्वी ऐक्टिव और राहुल का बिहार दौरा! खरमास बाद कुछ बड़ा होने वाला है क्या?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार की सियासत में क्या चल रहा? बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 कार्यक्रम में नीतीश कुमार नहीं गए। बीजेपी कोटे के मंत्री नीतीश मिश्रा का ये विभाग है। फिर प्रगति यात्रा पर निकल गए। उनके साथ बीजेपी कोटे के मंत्री नहीं दिख रहे। इस बीच तेजस्वी ने अमित शाह वाले एंगल से बयान दे दिया। नीतीश कुमार इस सवाल पर चुप्पी साध गए। फिर सूचना मिल रही है कि खरमास बाद राहुल गांधी बिहार आने वाले हैं। ऐसे में मीडिया के एक गलियारे में अनुमान लगाया जा रहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सत्ता में कुछ होने वाला है।


**खरमास बाद राहुल का बिहार दौरा– सूत्रः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले महीने पटना आ सकते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की यात्रा को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक 17 जनवरी के आसपास उनका आना तय माना जा रहा है। कब, क्यों, कहां और कैसे, सब कुछ अभी तय नहीं है। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता के अनुसार, 17 या 18 जनवरी को राहुल गांधी पटना आ सकते हैं। वैसे, बिहार कांग्रेस नेताओं ने फरवरी तक दौरा टालने का प्रस्ताव रखा है। ताकि राहुल गांधी के स्वागत की बड़ी तैयारी की जा सके। 2025 में बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य के नेताओं को लगता है कि फरवरी में राहुल गांधी का आना बेहतर रहेगा। इससे रैली की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिलेगा और चुनाव के भी ज्यादा करीब होंगे।

**बिहार दौरे पर आ सकते हैं राहुल गांधीः** जनवरी में अचानक दौरे की योजना पर एक कांग्रेस नेता ने कहा, 'यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के संबंध में हो सकता है। लेकिन अभी योजना शुरुआती दौर में है। राहुल गांधी कहां सभा को संबोधित करेंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है।' राहुल गांधी मार्च में लोकसभा चुनाव से पहले पटना आए थे। उन्होंने गांधी मैदान में जन विश्वास रैली को संबोधित किया था। इस रैली में 'इंडिया' गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे। 2019 में भी लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी पटना आए थे। उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से आयोजित जन आकांक्षा रैली को संबोधित किया था।

### आजकल 'मिशन अंबेडकर' पर कांग्रेस

बिहार कांग्रेस राहुल गांधी के आगमन को लेकर उत्साहित है। वे चाहते हैं कि राहुल गांधी की यात्रा यादगार बने। इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में जुटाने की कोशिश करेंगे। जनवरी या फरवरी में राहुल गांधी के आने से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरेगा। चुनाव की तैयारियों को गति मिलेगी। यह यात्रा 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। कांग्रेस नेता के अनुसार, 'चूंकि 2025 बिहार में चुनावी वर्ष है, इसलिए राज्य नेतृत्व को लगता है कि फरवरी में राहुल गांधी का आगमन बेहतर होगा क्योंकि रैली की व्यवस्था के लिए अधिक समय होगा, और समय भी चुनाव के थोड़ा करीब होगा।' एक अन्य नेता ने कहा, 'यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबा साहेब अंबेडकर पर की गई टिप्पणी के संबंध में हो सकता है।' कांग्रेस अजकल अमित शाह के बयान को सियासी मुद्दा बनाने में जुटी है।

# दिल्ली विस चुनाव को लेकर आरएसएस का मेगा प्लान, डोर टू डोर कैंपेन पर फोकस



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर फ़्रर अपना मेगा प्लान तैयार कर रही है. फ़्रर चुनाव को लेकर हरियाणा और महाराष्ट्र के तर्ज पर रणनीति बना रही है. बात दें कि कुछ दिनों पहले ही बीजेपी ने दिल्ली में आरएसएस के साथ मीटिंग किया था जिसमें दिल्ली को लेकर कैसे उम्मीदवारों का चयन हो और कैसे प्रचार प्रसार किया जाए इसको लेकर रणनीति बनी।

**आरएसएस बना रही दिल्ली को लेकर मेगा प्लानः** जानकारी के अनुसार फ़्रर दिल्ली को लेकर विशेष योजना बना रही है. संघ इस बार दिल्ली के घर घर पहुंचने के लिए डोर टू डोर कैंपेन चला सकती है. इस मुहिम में लगभग 13000 से अधिक बूथों तक पहुंचने का प्लान है. उम्मीद ये भी जताई जा रही है कि संघ इस बार दो लाख से अधिक दिल्ली में मीटिंग भी कर सकती है. बीजेपी का प्रयास है कि इस बार दिल्ली के लोगों को राष्ट्रवाद को लेकर जागरूक किया जाए,।

**आरएसएस ने इसी रणनीति पर किया था हरियाणा और महाराष्ट्र में प्रचारः** आरएसएस के द्वारा इसी रणनीति पर हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में काम किया था जिसका नतीजा हमसब ने देखा. बीजेपी और संघ को लगता है कि अगर इसी रणनीति पर फोकस किया जाए तो निश्चित तौर पर दिल्ली में 28 साल बाद सरकार बनाया जा सकता है. संघ और बीजेपी के बीच हुई समन्वय बैठक में संगठन मंत्री बीएल संतोष, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पार्टी के प्रदेश प्रभारी बैजयंत पांडा मौजूद रहें।

# 85% आबादी हिंदू, मगर योजनाएं ईसाइयों वाली... राहुल गांधी के करीबी सीएम ने उगली सच्चाई

**मचेगा बवाल!**

**लोक तंत्र की आवाज़**



**मेडक ।** देश में धर्म के आधार पर राजनीति अब कोई नई बात नहीं है. हर दल धर्म के नाम पर खुलकर राजनीति कर रहे हैं. इस बीच खुद को सांप्रदायिकता से लड़ने वाली सबसे प्रमुख पार्टी होने का दावा करने वाली कांग्रेस के एक बड़े नेता के बयान से बवाल मचना तय है.

यह नेता कोई और नहीं बल्कि राहुल गांधी के करीबी और तेलंगाना से सीएम ए. रेवंत रेड्डी हैं. तेलंगाना के सीएम ने एक बयान दिया है. उसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की योजनाएं ईसाई मिशनरियों से प्रभावित हैं. उन्होंने अपनी सरकार की मुफ्त योजनाओं, राजीव आरोग्य और खाद्य सुरक्षा योजना की गिनती करवाई. उन्होंने कहा की ईसाई मिशनरियों का लक्ष्य लोगों को निशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य उपलब्ध करवाना है।

बुधवार को राज्य के मेडक जिले में कई विकास कार्यों की आधारशिला रखते हुए उन्होंने ये बातें कही. उन्होंने मेडक कैथेड्रल के विकास के लिए 35 करोड़ और जिले के लिए अन्य 192 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया. इसमें एदुपयाला मंदिर का विकास भी शामिल है. रेवंत रेड्डी बुधवार को मेडक कैथेड्रल के कार्यक्रम में शामिल हुए।

**विशेष प्रार्थना सभाः** क्रिस्मस के मौके पर चर्च में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में उन्होंने कहा कि मेडल की चर्च से उनका विशेष लगाव है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने इन जगहों का दौरा किया था. उन्होंने यहां आकर आशीर्वाद मांगा था. उस वक्त उन्होंने वादा किया था कि सीएम बनने के बाद वह फिर इस चर्च में आएंगे. उन्होंने आगे कहा कि वह यहां आकर काफी खुश है. वह चर्च में अन्य लोगों के साथ क्रिस्मस का त्योहार मना रहे है. इस मौके पर उन्होंने राज्य के ईसाई समुदाय को क्रिस्मस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी. मेडल की इस चर्च को बने हुए 100 साल हो गए हैं।

# बीजेपी के लिए चैलेंज है दिल्ली की ये सीट, चुनाव के इतिहास में एक बार ही जीत पाई

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के चुनाव जल्दी होने जा रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियां अपनी–अपनी तैयारियां करने में जुटी हुई है। हर पार्टी ये चाहती कि दिल्ली के ज्यादा से ज्यादा सीटों पर वो अपना कब्जा जमा सकें। ऐसी ही एक सीट के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। बीजेपी के लिए दिल्ली की त्रिलोकपुरी सीट किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। सात पर दिल्ली विधानसभा के चुनाव में से केवल एक ही बार कमल इस सीट पर खिला है। 2008 में बीजेपी को इस सीट पर जीत हासिल हुई थी। उस वक्त सुनील कुमार 634 वोटों के साथ जीते थे।

1993 में त्रिलोकपुरी की सीट अस्तित्व में आई थी। यहां पर शुरुआत से ही अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सीट आरक्षित हो रखी है। यहां पर ब्रह्मपाल पहले बतौर विधायक चुने गए थे, जोकि कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखे थे। उन्होंने अपने नाम जीत के हैट्रिक का खिताब बनाए रखा था। इसके अलावा 1998 और 2003 में हुए चुनाव भी वो जीते थे। लेकिन 2008 में वो बीजेपी नेता सुनील कुमार को जीत हासिल हुई थी। 634 मतों के अंतर के साथ बीजेपी ने अपना कमल यहां पर खिलाया था। 2014 में सुनील का निधन हो गया था। बाद में बीजेपी ने 2015 और 2020 के चुनाव के दौरान त्रिलोकपुरी सीट पर उनकी पत्नी किरण वैद्य को उतारा था।

**2013, 2014 और 2020 के दौरान ऐसा रहा राजनीतिक सफरः** बाद में फिर आम आदमी पार्टी ने 2013, 2015 और 2020 में यहां से जीत हासिल की थी। दो बार यहां के विधायक राजू धींगाना रहे थे। वहीं, इस वक्त वहां की विधायक रोहित मेहरौलिया बनी हुई है। 2020 में तत्कालीन विधायक राजू धींगाना को टिकट नहीं दिया गया था बल्कि पार्षद रोहित मेहरौलिया पर विश्वास जताया गया था। जोकि बिल्कुल ठीक रहा। 1993,1998, 2003 में कांग्रेस ने जीत हासिल की। वहीं, 2008 में बीजेपी और 2013,2015 और 2020 में आप पार्टी अपना सीट पर कब्जा जमाए रखा।

# डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के बयान से बिहार में सियासी हलचल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार की सियासत में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के एक बयान ने राजनीतिक तापमान को और बढ़ा दिया है. पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के उस बयान की चर्चा हो रही है, जिसमें उन्होंने बोल दिया कि जब तक बिहार में बीजेपी की सरकार नहीं बनेगी तब तक अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि नहीं मिलेगी.

सिन्हा ने आगे कहा, 'जिन्होंने बिहार को कलंकित किया उनसे बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने मुक्ति दिलाई, लेकिन अभी भी मिशन पूरा नहीं हुआ है. इसलिए भाजपा की अपनी सरकार हो तभी अटल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. आज भी जंगल राज वाले लोग कहीं ना कहीं बिहार के सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने में जुटे हुए हैं। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के इस बयान के बाद राजनीतिक तापमान में अचानक गर्माहट आ गई. क्योंकि, 24 घंटे पहले ही बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने दिल्ली में बयान दिया था कि नीतीश कुमार की अगुवाई में ही आगामी बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा. लेकिन, इस बयान के 24 घंटे के अंदर ही सिन्हा ने राज्य में बीजेपी के मुख्यमंत्री पर बड़ा बयान देकर बीजेपी के साथ–साथ जेडीयू में भी हलचल मचा दी,।

**विजय सिन्हा के बयान के मायने?:** हालांकि, सिन्हा अपने बयान में लालू यादव के शासनकाल का जिक्रकर रहे थे. लेकिन, इस दौरान वह एनडीए में नीतीश कुमार की अहमियत को शायद भूल गए. सिन्हा ने बेशक आरजेडी शासन के दौरान संघर्षों की कहानी याद दिलाई, लेकिन नीतीश कुमार के संघर्षों और बीते 20 साल के शासनकाल को दरकिनार कर दिया. हालांकि, इसका आभास जैसे ही सिन्हा को हुआ उन्होंने तुरंत ही दूसरा बयान दिया. दूसरे बयान में सिन्हा ने कहा, अटल जी के सबसे चहते रहे नीतीश कुमार, बिहार में जंगल राज को खत्म करने की उनके जिम्मेवारी दी. नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई।

**क्या बिहार एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं? :** बीते कुछ दिनों से बिहार के सियासत में नीतीश कुमार को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं और बातें घूम रही हैं. नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा में बीजेपी नेताओं की गैरमौजूदगी को पहले ही विपक्ष ने मुद्दा बना लिया था. तेजस्वी यादव खुलकर बोलने लगे थे कि नीतीश कुमार नहीं बल्कि उनके अगल–बगल के तीन–चार अधिकारी और दिल्ली से सरकार चल रही है. हालांकि, पश्चिम चंपारण पहुंचने पर बीजेपी के दो मंत्री जरूर नीतीश कुमार के साथ नजर आए, लेकिन मुलाकात में गर्मजोशी की कमी साफ नजर आ रही थी।

### नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा चुनाव– नित्यानंद राय

इससे पहले बिहार बीजेपी के कद्दावर नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी बोल चुके हैं कि अगले साल नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही राज्य में एनडीए की सरकार बनाएगी. ऐसे में विजय सिन्हा के बयान से एनडीए में थोड़ी–बहुत असहजता की स्थिति जरूर आ सकती है. क्योंकि, राज्य की सियासी गलियारों में बीते कुछ दिनों से इस बात की चर्चा हो रही है ।

# गाजा पर इजरायली हमले में मारे गए पांच पत्रकार

**लोक तंत्र की आवाज़**



**गाजा।** इजरायल ने गुरुवार को गाजा पर हवाई हमला किया। इस हमले में कई लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मृतकों और घायलों की संख्या में इजाफा दर्ज किया जा सकता है, क्योंकि बताया जा रहा है कि कई लोग मलबे के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें निकालने की प्रक्रिया जारी है।

वहीं, इन मृतकों में पांच पत्रकार भी शामिल हैं, जो अल–अवदा अस्पताल के कवरेज के लिए आए थे। लेकिन, इजरायल के इस हवाई हमले में अस्पताल के आसपास स्थित गाड़ियां भी चपेट में गईं, जिस वजह से वहां मौजूद पत्रकारों को अपनी जान गंवानी पड़ी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सभी पत्रकार अल–कुद्स अल–यूम टीवी चैनल के लिए काम करते थे, जो अस्पताल के कवरेज के लिए आए थे। लेकिन, इस बीच हमला हो गया, जिसकी जद में आकर सभी को अपनी जान गंवानी पड़ी।

फिलिस्तीनी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिस गाड़ी में हमला हुआ है, वो पत्रकारों की ही थी। उस गाड़ी से सभी पत्रकार रिपोर्टिंग कर रहे थे। फिलहाल, इस हमले को लेकर इजरायल की तरफ से किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं की गई है। इससे पहले 23 दिसंबर को गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनी मारे गए थे।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने डब्ल्यूएएफए के हवाले से बताया था कि रविवार को मूसा बिन नुसायर स्कूल पर इजरायली बमबारी के परिणामस्वरूप तीन बच्चों और दो महिलाओं सहित कम से कम 9 लोग मारे गए थे और कुछ अन्य घायल हो गए थे। इसमें कहा गया था कि गाजा शहर के अल–जला स्ट्रीट पर इजरायली सेना द्वारा एक वाहन पर बमबारी करने पर चार और लोग मारे गए थे।

# इंडिया' से बेदखल होगी कांग्रेस, अरविंद केजरीवाल की प्लानिंग, साथ देंगे ममता बनर्जी-शरद पवार?

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले अस्तित्व में आए इंडिया गठबंधन की उम्र अब कुछ ज्यादा नहीं दिख रही है. लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया था. लेकिन, बाद के विधानसभा चुनावों में गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच तकरार ने इसके भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं. गठबंधन के करीब–करीब सभी क्षेत्रीय दल कांग्रेस पार्टी के रुख से नाराज हैं. इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम प्रमुख हैं।

ममता बनर्जी ने खुलेआम इंडिया गठबंधन की कमान अपने हाथ में लेने की चाहत जता चुकी है. बिहार के पूर्व सीएम और राजद सुप्रीमो लालू यादव ने भी ममता बनर्जी की दावेदारी का समर्थन किया था. अब दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल बज चुके हैं. यहां मुख्य मुकाबला आप और भाजपा के बीच है. लेकिन, कांग्रेस पार्टी ने भी पूरे दमखम से चुनाव लड़ने का फैसला किया है. ऐसे में आप नेताओं ने इंडिया अलायंस से कांग्रेस को ही बाहर करने की मांग कर दी है.

**दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने लगाया दमः** कांग्रेस अब तक 47 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है. पूर्व सीएम शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को पार्टी ने नई दिल्ली सीट से टिकट दिया है. यहां से आप सुप्रीम अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ते हैं. कांग्रेस पूरे दमखम से मैदान में उतर रही है. वह आप की कड़ी आलोचना कर रही है. संदीप दीक्षित ने तो आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

# क्या कांग्रेस निकाल पाएगी भाजपा को रोकने का रास्ता? बेलगावी में आज पार्टी आलाकमान करेगा मंथन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**बेलगवी।** लोकसभा चुनाव में 99 सीट हासिल करने के बाद कांग्रेस को उम्मीद थी कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत मिलेगी लेकिन, हुआ उम्मीद के उलट। हरियाणा और महाराष्ट्र की हार ने कांग्रेस को सोचने पर मजबूर कर दिया की खामी कहां है? हालांकि झारखंड में कांग्रेस सत्ता में जरूर हैं लेकिन वहां हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा बड़े भाई की भूमिका में है। सच तो ये है कि झारखंड में कांग्रेस को भाजपा से भी कम सीटें आई हैं।

अब कांग्रेस आलाकमान के सामने चुनौती है कि आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए क्या रणनीति बनाई जाए। खासकर दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक है। उसके बाद बिहार और पश्चिम बंगाल का चुनाव आने वाला है। वहीं, आने वाले चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस आलाकमान 26 दिसंबर को बेलगावी में मंथन करने जा रहा है। जिसमें कांग्रेस के 200 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बेलागवी में कांग्रेस आलाकमान दो दिनों तक मंथन करेगा।

**बैठक में कौन–कौन से मुद्दों पर होगीः** बेलगावी में कांग्रेस वर्किंग कमेटि की बैठक में हरियाणा और महाराष्ट्र की हार पर चिंतन करने के साथ आगे बढ़ने और बीजेपी को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। ऐसे में कांग्रेस दो अहम प्रस्ताव पास कर मोदी सरकार को घेरन की रणनीति बनाएगी।

**बैठक में कौन–कौन से मुद्दों पर होगीः** बेलगावी में कांग्रेस वर्किंग कमेटि की बैठक में हरियाणा और महाराष्ट्र की हार पर चिंतन करने के साथ आगे बढ़ने और बीजेपी को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। ऐसे में कांग्रेस दो अहम प्रस्ताव पास कर मोदी सरकार को घेरने की रणनीति बनाएगी। मोदी सरकार की नीतियों के चलते देश के सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित राजनीतिक चिंताओं और कार्ययोजना पर प्रस्ताव पास करेगी। इसके बाद दूसरा प्रस्ताव कांग्रेस आंबेडकर विवाद पर लाएगी। इस तरह से कांग्रेस संविधान के मुद्दे पर भी भाजपा को घेरेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हिसुआ : सुकन्या वेलफेयर फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ को किया सम्मानित



**हिसुआ (नवादा)।** गुरुवार को बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या एवं नारी प्रताड़ना के खिलाफ कार्य करने वाली सह महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पिछले 5 वर्षों से निरंतर सहयोग देने वाली भारत सरकार के नीति आयोग से रजिस्टर्ड (ठॅड) सुकन्या वेलफेयर फाउंडेशन की एक प्रतिनिधिमंडल निदेशक बृजेश चंद्रवंशी जी के अगुवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी हिसुआ देवानंद प्रसादसे मुलाकात किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के द्वारा श्री देवानंद प्रसाद जी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया, साथ ही साथ संस्था द्वारा चलाए जा रही सभी कार्यक्रमों से उन्हें अवगत कराया गया। प्रखंड स्तर पर कार्य कर रहे संस्था के सभी पदाधिकारियों को प्रशासनिक सहायता दिलाने का अनुरोध भी श्री प्रसाद से किया गया, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व संस्था के उद्देश्यों एवं लक्ष्य के बीच बाधा ना बन सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद प्रसाद ने भरोसा दिलाया कि विभागीय सहायता के साथ-साथ इस सामाजिक क्रांति में मेरा निजी सहयोग भी हमेशा रहेगा। इस मुलाकात में संस्था के निदेशक प्रशांत कुमार , समाजसेवी अरविंद चंद्रवंशी , वार्ड पार्षद शंभू शर्मा , वार्ड पार्षद सुधीर सिंह , पत्रकार आलोक वर्मा के साथ-साथ अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### एमएकपी पर कानून के लिए 32 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता सरदार जगदीत सिंह डल्लेवाल जी के समर्थन में एक दिवसीय अनशन किया गया



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के अस्पताल चौक स्थित बिहारी कृषि परिवार (बिहार) सह संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक (बिहार)के तत्वावधान में टरढ पर कानून बनाने के लिए एक दिवसीय अनशन दिया गया ' अन्नदाता हमारे देश के किसान लंबे समय से एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार इसके बदले तीन काले कानून किसानों पर लाद दिया था, जिसे किसानों ने 13 महीने के आंदोलन से रद्द करवाया ' अब सारे भारत के किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल के नेतृत्व में एमएसपी की मांग कर रहे हैं और जिसके लिए खनोरी बॉर्डर .शंभू बॉर्डर और रतनपुरा बॉर्डर पर धरना 13 फरवरी से अभी तक लगातार जारी है ' जब गूंगी .बहरी और अंधी सरकार ने नहीं सुनी तो जगजीत सिंह डल्लेवाल ने आमरण अनशन का फैसला किया है ' वे 26 नवंबर से अभी तक आमरण अनशन जारी रखे हुए हैं ' उन्हें समर्थन देने के लिए नालंदा जिला के किसान एक दिवसीय अनशन आज हॉस्पिटल मोड पर किए ' साथ ही सरकार से यह मांग करते हैं की डल्लेवाल साहब के मांग जो किसानों के लिए है उसे जल्द से जल्द सुनी जाए ' इस अनशन में बिहारी कृषि परिवार के महासचिव धर्मेंद्र कुमार मिडिया प्रवक्ता अवधेश कुमार संयुक्त किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता रामदेव चौधरी महेंद्र प्रसाद दिलीप कुमार मोहम्मद जाहिद अंसारी संयोजक पीयूसीएल नालंदा जयराम सिंह .शैलेंद्र नाथ, जैनेंद्र प्रसाद मोहम्मद चांद आदि किसान लोग शामिल हुए।

### तीन लोगों के विरुद्ध जुर्माने व बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बिजली विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी में तीन लोगों को चोरी से बिजली की खपत करते पकड़ा गया ।इसे लेकर जेई राहुल कुमार ने तीनों लोगों पर जुर्माना लगाते हुए वारिसलीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है ।जेई ने बताया कि गुप्त सूचना पर उक्त गांव में छापेमारी की गई ।उक्त गांव से तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया ।तीनों लोग एलटी तार में टोका फंसाकर और मीटर बायपास कर बिजली उपयोग कर रहे थे ।बाद में विभाग के कनीय अभियंता राहुल कुमार के आवेदन पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर कुल 67890 रुपये का जुर्माना किया गया। बताया गया कि जुर्माना क्रमशः 18092, 27007 तथा 22791 रुपये किया गया।

# वारिसलीगंज बाजार में फिर से चला अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर, जुर्माने भी वसूले गए

लोकतंत्र की आवाज

**अभियान के तहत हटवाया गया फुटपाथों तक लगा कर्कट और दुकान के आगे लगाया गया सामान**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** फिर से आला अधिकारियों के निर्देश के बाद नगर परिषद कार्यालय तथा अंचल अधिकारी स्थानीय पुलिस के सहयोग से संपूर्ण बाजार में दुकानों के आगे फुटपाथ तक लगा कर्कट को बुलडोजर के सहारे हटवाया गया। अतिक्रमण हटाने की सूचना के बाद बाजार के फुटपाथों के अतिक्रमण को दुकानदारों द्वारा खुद हटा लिया गया। जबकि अतिक्रमण हटाओ टीम द्वारा जिन दुकानों के आगे कर्कट फुटपाथों तक बढ़ा रखा था उसे बुलडोजर से हटा दिया।हालांकि बाजार के कुछ दुकानदारों का आरोप है की अतिक्रमण हटाने में भेदभाव बरती गई है।कहीं कर्कट के साथ साइन बोर्ड को भी नोच दिया गया है।जबकि कुछ चिह्नित स्थानों के टुकानदार को खुद कर्कट खोल लेने के आग्रह पर यूं ही छोड़ दिगा गया है।बता दें कि बाजार के दुकानदार देखादेखी करते हुए फुटपाथों तक अपनी दुकानों को बढ़ा लेते हैं।जिस कारण बाजार आने जाने वाले ग्राहकों वाहन तो दूर पैदल चलने में परेशानी होती है।लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी स्टेशन रोड एवं जयप्रकाश चौक के समीप होती है। जहां नियमित रूप से अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है।इससे पहले सोमवार को भी अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई गई थी।परंतु अधिकारियों की टीम के पीछे मुड़ते ही पुनः फुटपाथों का अतिक्रमण पूर्ववत हो गया।जिसे दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया।जिला प्रशासन द्वारा पुनः अतिक्रमण हटाने का निर्देश नप कार्यालय एवं अंचल अधिकारी को दिया गया। जिसके तहत एक बार फिर बाजार के दुकानदारी से जुर्मान वसूली के साथ सख्ती पूर्वक अतिक्रमण हटवाया गया।

**दोवारा से अतिक्रमण नहीं करने की दी गई हिदायतः** वारिसलीगंज बाजार के फुटपाथ को अतिक्रमण कर रखे विभिन्न दुकानदारों से नप कार्यालय करीब चार हजार रुपये जुर्माना के तौर पर वसूली किया गया। साथ ही आगे से अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



# वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारा जाकर दो महान बाल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** वीर बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के साथ गया स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका उनके बलिदानी दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा वीर बाल दिवस भारत में सिख धर्म के दो महान बाल शहीदों, साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह, के बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। इन दोनों बालकों ने अपने अदम्य साहस, अडिग विश्वास और धर्म की रक्षा के लिए अप्रतिम बलिदान दिया है। यह दिन उनके बलिदान और निडरता की स्मृति में हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। साहिबजादे गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों में से दो, जोरावर सिंह 9 वर्ष और फतेह सिंह 7 वर्ष, ने बचपन में ही अपने अद्वितीय बलिदान से इतिहास में अमर हो गए हैं। मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में, सिख धर्म और संस्कृति को समाप्त करने के लिए अनेक प्रयास किए गए हैं। साहिब जादों को सरहिंद के गवर्नर वज़ीर खान ने बंदी बना लिया और उन्हें इस्लाम स्वीकार करने के लिए मजबूर किया है।नन्हे बालकों ने अपनी आस्था और धर्म के लिए हर प्रताड़ना सहन की, लेकिन धर्म परिवर्तन से इनकार कर दिया है। उनके इस अद्वितीय साहस से क्रोधित होकर, वज़ीर खान ने उन्हें जिंदा दीवार में चिनवा दिया है। इस हृदयविदारक घटना ने न केवल सिख समुदाय को बल्कि समस्त मानवता को धर्म, आस्था और स्वतंत्रता के प्रति प्रेरित किया है।वीर बाल दिवस उन साहसी बच्चों की प्रेरक कहानी को जन-जन तक पहुंचाने का दिन है। यह हमें सिखाता है कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता है। उनका बलिदान न केवल सिख इतिहास का गौरव है, बल्कि वह सभी बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वीर बाल दिवस पर हम उन शहीदों को नमन करते हैं, जिन्होंने अपनी जान देकर मानवता को धर्म और सच्चाई का मूल्य सिखाया है। आज के कार्यक्रम में मुख्य ग्रंथि बेअंत सिंह,गुरुद्वारा सदस्य मंजीत सिंह वार्ड पार्षद 15 दीपक चंद्रवंशी,जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,दीपक पांडेय,महेश यादव,मंटू कुमार बबलू गुप्ता।

# श्रद्धाभाव के साथ मनी पूर्व पीएम अटल बिहारी की जयंती



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के माफी गली स्थित बूथ पर नगर मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्व वाजपेयी का पार्ट प्रेम, उनका अनुशासन तथा देश के प्रधानमंत्री रहते उनके स्वर्णिम कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा किया।इस मौके को भाजपा कार्यकताओं ने बूथ स्तर पर मनाया। मंजौर गांव के एक बूथ पर भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष चंदन कुमार ने समर्थकों के साथ स्व वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस समय संसद में भाजपा के दो सांसद थे, तब कांग्रेसियों के मजाक का जवाब देते हुए अटल जी ने कहा था कि एक समय ऐसा आएगा कि जिस स्थिति में अभी भाजपा है, उस स्थिति में कांग्रेस होगी, जो आज उनकी भविष्यवाणी सही साबित हुई है।

# एंबुलेंस को लेकर गरीब मरीजों को होती है परेशानी

लोकतंत्र की आवाज



**आर्यन मोहन**

**नवादा।** जिले में एंबुलेंस सेवा की बदहाली मरीजों के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। अमीरों को तो इमरजेंसी में प्राइवेट एंबुलेंस की सुविधा तुरंत उपलब्ध हो जाती है परंतु गरीब मरीजों के लिए एंबुलेंस की सेवा के लिए दर-दर भटकना पड़ता है क्योंकि उनके पास पैसे नहीं होते कि वह प्राइवेट एंबुलेंस की सेवा ले सकें। बता दें कि मरीजों को समय पर एंबुलेंस सेवा नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है और अस्पतालों में बार-बार हंगामे की स्थिति बनी रहती है।20 से 25 मिनट तक कॉल करने पर भी नहीं मिलती एंबुलेंस की सेवा।पूर्व में एंबुलेंस 102 सेवा का संचालन पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा किया जाता था, लेकिन अब राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर यह जिम्मेदारी जेनप्लस को दी गयी है।जेनप्लस के अधिग्रहण के बाद से स्थिति और खराब हो गयी है।एजेंसी की लापरवाही का आलम यह है कि अस्पताल के उपाधीक्षक और प्रबंधक की भी बात नहीं मानी जा रही।कई बार आपातस्थिति में जब अस्पताल प्रशासन एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग करता है, तो एजेंसी उन्हें 102 पर कॉल करने की सलाह दे देती है। मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि 102 पर कॉल करने में काफी समय बर्बाद होता है।कॉल के दौरान जानकारी जुटाने और प्रक्रियाओं में 20-25 मिनट या उससे अधिक का समय लग जाता है।इस दौरान कई बार कॉल होल्ड पर भी रखी जाती है और 20-30 मिनट में मरीज पावापुरी अस्पताल पहुंच जाते हैं।ऐसी देरी मरीजों की जान जोखिम में डाल रही है, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर मरीजों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। रेफर किये गये मरीजों को भी समय पर एंबुलेंस सेवा नहीं मिलती। हाल ही में रोह प्रखंड में बाइक दुर्घटना से घायल दो मरीजों को रात लगभग नौ बजे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। बाद में दोनों मरीजों को पावापुरी रेफर कर दिया गया, लेकिन, 102 पर कॉल करने के बावजूद कोई एंबुलेंस उपलब्ध नहीं ही सकी। मजबूरी में परिजनों ने निजी साधन का सहारा लिया।ठीक इसी समय पुरानी कचहरी निवासी लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग डॉ एनपी शर्मा हाइ ब्लडप्रेशर से ग्रसित मरीज को लेकर परिवारों ने सदर अस्पताल में इमरजेंसी में भर्ती किया गया। लोगों से बातचीत करने पर कहते हैं 102 पर डायल करने पर ,यही सुनने को मिल रहा है कि सारे अधिकारी अन्य कॉल करने वालों की सहायता कर रहे हैं।कृप्या प्रतीक्षा करे... बहुत जल्द आपकी कॉल का हम उत्तर देंगे। उत्तर देते-देते 20-25 मिनट का समय निकल जाता है।

# न्यूक्लियर पावर प्लांट से क्षेत्र का होगा कायाकल्प, रोजगार का होगा सृजन

लोकतंत्र की आवाज

**● बिहार बिजली लेने वाला नहीं, बिजली देने वाला राज्य बनेगा,सांसद विवेक ठाकुर**



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम के समीप न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित होने को लेकर एकबार फिर से प्रशासनिक हलचल देखी जा रही है।रजौली में स्थापित होने वाला न्यूक्लियर पावर प्लांट विगत दो दशकों से निष्क्रिय अवस्था में पड़ा हुआ है।इसी बीच गुरुवार को पटना से आये एनटीपीसी के तीन सदस्यीय टीम द्वारा हरदिया स्थित फुलवरिया डैम एवं आसपास के क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया गया।इस दौरान नवादा सांसद विवेक ठाकुर,एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष,एसडीपीओ गुलशन कुमार,एलआरडीसी प्रमोद कुमार,सीओ मो. गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के अलावे सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता भी मौजूद रहे।फुलवरिया डैम के निरीक्षण के बाद सांसद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि यह डैम प्रकृति के गोद में बसा हुआ है और आसपास के दृश्य मनमोहक है।साथ ही बताया कि रजौली के फुलवरिया डैम के समीप न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाने का प्रस्ताव विगत दो दशकों से अटका हुआ है।उन्होंने कहा कि नवादा समेत बिहार बिजली लेने वाले से बिजली देने वाले क्षेत्र के रूप में विकसित होने वाला है।साथ ही रजौली में न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित होने से आसपास के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।बिजली सस्ती होने पर कई कम्पनियां नवादा व बिहार आएगी,जहां युवाओं को रोजगार मिलेगा।उन्होंने कहा कि रजौली में न्यूक्लियर पावर प्लांट बनने का प्रस्ताव तमिलनाडु के कुडनकुलम के साथ आया था।जबकि कुडनकुलम में न्यूक्लियर पॉवर प्लांट शुरू है,जो देश के बड़े परमाणु ऊर्जा घरों में से एक है।साथ ही कहा कि कन्याकुमारी में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति से शाम में कुडनकुलम नामक जगह का दृश्य काफी प्रिय लगता है।वहीं सांसद ने रजौली न्यूक्लियर पावर प्लांट योजना को लेकर आमलोगों को जागरूक होने की अपील किया।वहीं एसडीओ ने बताया कि फुलवरिया डैम में अभी 582 आरएल फीट पानी है।एनटीपीसी टीम द्वारा अन्य पहलुओं का निरीक्षण किया जा रहा है।इस निरीक्षण से बहुत सारी बातें स्पष्ट नहीं हो पाई है।साथ ही बताया कि न्यूक्लियर पावर प्लांट के लिए अन्य पहलुओं का निरीक्षण बचा हुआ है।

# रजौली में धूमधाम से मनी महाराजा अहिबरन जयंती

लोकतंत्र की आवाज



**● बरनवाल समाज द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को किया मंत्रमुग्ध**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** बरनवाल परिवार के द्वारा रजौली में बरनवाल समाज के आदिपुरुष महाराजा अहिबरन जी की जयंती मनाई गई। बरनवाल नवयुवक सेवा समिति रजौली के अध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ़ धनु की अध्यक्षता में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व शोभायात्रा प्रमुख पत्रकार पंकज कुमार आर्य के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। रजौली संगत परिसर से निकली शोभायात्रा रजौली मुख्य बाजार होते हुए नीचे बाजार के रास्ते जगजीवन नगर होते हुए पुरानी बसस्टैंड होते हुए बजरंगबली चौक पर पहुंची और वहां से वापस रजौली संगत परिसर आकर संपन्न हो गई। शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष महाराजा अहिबरन की जय-जयकार के नारे लगा रहे थे। जयंती कार्यक्रम में पहुंचे नवादा लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर ने महाराजा अहिबरन जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित की। एमएलसी अशोक यादव, रजौली विधायक प्रकाशवीर, एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, रजौली नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मानती देवी ने भी शिरकत की। जयंती के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बरनवाल समाज के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित बरनवाल समाज की महिला-पुरुषों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर बरनवाल समाज के संरक्षक दिलीप कुमार, दिलीप कुमार दीप, शंकर लाल, मानिक चंद आर्य, अशोक कुमार सक्सेना, बरनवाल नवयुवक सेवा समिति के उपाध्यक्ष संजय कुमार बबलू, सचिव बिनोद आर्य, केसर प्रसाद उर्फ प्रकाश, संजय कुमार, उमाशंकर प्रसाद उर्फ गोलू, धीरज कुमार आर्य, पत्रकार प्रफुल्ल कुमार सुमन, उत्तम कुमार गोलू, अमित कुमार मिट्ठू, संतोष कुमार, झारखंड से योगी सुषमा सुमन, हिसुआ से प्रियंका बरनवाल, बरनवाल महिला समिति रजौली की अध्यक्ष सरिता बरनवाल, ललिता बरनवाल, प्रमिला बरनवाल, रीना बरनवाल, बबीता बरनवाल समेत बरनवाल समाज के दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे। मंच संचालन बिनोद कुमार उर्फ पप्पू ने किया।

# नवादा जिला जदयू युवा प्रकोष्ठ के नए अध्यक्ष सोनू राज को जदयू कार्यालय में हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल ने पार्टी को विस्तार करते हुए युवा प्रकोष्ठ जनता दल (यूनाइटेड) नवादा के जिला अध्यक्ष सोनु राज कुशवाहा को मनोनीत किया है। जनता दल (यूनाइटेड )कर्पूरी सभागार नवादा में युवा अध्यक्ष सोनु राज कुशवाहा को जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने अंग वस्त्र,माला एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सोनु राज कुशवाहा जी को बनाए जाने पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल को बधाई देते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा की सोनु राज कुशवाहा के मनोनयन से युवा प्रकोष्ठ काफी मजबूत होगा । सोनु राज कुशवाहा ओजस्वी कर्मठ युवा नेता है । बिहार युवाओं का प्रदेश है। नीतीश कुमार युवाओं को शिक्षा एवं आर्थिक विकास के लिए आर्थिक हल युवाओं को बल योजना के तहत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं भत्ता योजना के माध्यम से वैसे युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। जिनका उम्र 20 से 25३ वर्ष हो गया है । नौकरी एवं रोजगार तलाश करने के लिए एक हजार प्रतिमाह दो वर्षों के लिए दिया जाता है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वैसे युवा छात्र जो आगे की पढ़ाई करना चाहता है जो युवा छात्र इंजीनियरिंग, मेडिकल ,कॉमर्स, कानून की पढ़ाई, डिप्लोमा, एएनएम ,जीएनम के अलावा स्नातक की पढ़ाई करने के लिए₹400000 का स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड दिया जाता है । जिसमें किसी प्रकार की गारंटी की जरूरत नहीं है। माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं गारंटी लिए हुए हैं। नौकरी लगने के 1 वर्ष के बाद 72 किस्तों में राशि वापस करना है। वैसे युवा छात्र जिनको सरकारी नौकरी नहीं लगने की स्थिति में पूरी राशि माफ करने का प्रावधान किया गया है। कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कौशल कार्यक्रम के तहत अंग्रेजी में लिखना पढ़ना ,बोलना के साथ ही अन्य भाषाओं का ज्ञान दिया जा रहा है जिससे देश के अन्य राज्यों में आसानी से बिना कोई कठिनाई के नौकरी एवं रोजगार कर सकते हैं एवं देश ही नहीं विदेशों में कहीं भी जाकर नौकरी एवं रोजगार कर सकते हैं।मुख्यमंत्री ने उद्यमी योजना के माध्यम से रोजगार सृजित करने के लिए 10 लाख रुपया दिया जाता है। जिसमें से₹500000 अनुदान के रूप में दी जाती है तथा ₹500000 एक प्रतिशत ब्याज के दर से रोजगार लगने के 1 वर्ष बाद 72 किस्तों में₹500000 वापस करना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने खेल मंत्रालय का गठन किया है। पंचायत स्तर पर स्टेडियम का विकास किया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में जो युवा साथी उच्च कोटि का प्रदर्शन करते हैं । उन युवा खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी से नवाजा जा रहा है।




# शांति निकेतन एकेडमी के सभी शाखयो में क्रिश्मस डे मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** शांति निकेतन एकेडमी सभी धर्मों के त्योहारों को उत्सव के रूप में छात्र-छात्रओं के बीच मनाते आयी है। सर्वधर्म सम्भाव का सिद्धांत हीं विद्यालय की मुख्य पहचान है। इसी क्रम में आज होली, दिवाली, दशहारा, जन्माष्टमी, ईद के बाद आज एकेडमी के सभी शाखाओं ए०पी० कौलनी, अर्चना हाउस कटारी हिल रोड, रौना चाकंद में मंगलबार को क्रिसमस डे प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज दिन मंगलबार को उत्साह के साथ मनाया गया है। विद्यालय के सभी शाखाओं को लाल और सफेद रंग के गुब्बारों तथा क्रिसमस ट्री से सजाया गया है। अस्तबल बना कर प्रभु ईशा मसीह का जन्म दृश्य प्रस्तुत किया गया है। जिसमे कक्षा नर्सरी की वर्तिका, उमैरा, मदर मरियम बनी, और अयंश , अनुदीप, शिजान, कशिश फादर बने। कक्षा नर्सरी और प्लेग्रुप से भव्या, इल्मा, कृति, अंकुश ,भूमि, समृधि, अनाबिया परी के वेश-भुषा में नजर आये। कक्षा प्लेग्रुप से सीनियर केजी के सारे बच्चों को सांता बनाया गया। सभी बच्चों और शिक्षको द्वारा जिंगल बेल साँग गाया गया और सांता के साथ डांस और मस्ती की है। विद्यालय में सभी बच्चों को सांता ने चॉकलेट और गिफ्ट बाँटे और क्रिसमस की बधाईयाँ दी है ।इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने बताया कि क्रिसमस शाति, प्रेम, त्याग, भाईचारा और खुशियों का पर्व है। हमें भी सांता और प्रभु ईशु की तरह सभी के जीवन में खुशियाँ बाँटनी चाहिए।



## संक्षिप्त खबरें

### बिजनौर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कीर्ति नगर द्वारा नगर में बाल पथ संचलन निकाला गया



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**किरतपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कीर्तिनगर द्वारा बाल पथ संचलन कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में मनाया गया। जिसमें कक्षा तीन से कक्षा आठ तक के बाल स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। संगठन के आग्रह पर बड़ी संख्या में समाज से स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता गगन सह जिला संघ चालक ने गुरु गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान पर प्रकाश डाला। तथा बाल स्वयं सेवकों को प्रेरित करने वाली अन्य बोध कथाएं भी सुनाई। कार्यक्रम में अमृत वचन कृष्ण, एकल गीत अक्ष , मुख्य शिक्षक नैतिक रहे। इसके बाद नगर में बड़े ही उत्साह से पद संचलन निकाला गया। जिसका स्वागत समाज के सभी वर्गों ने उत्साह पूर्वक फूल बरसाकर किया अंत में जुगल कालरा माननीय नगर संघ चालक कीर्ति नगर द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया तथा भविष्य में कार्यक्रमों में बढ़- चढ़कर भाग लेने हेतु निवेदन किया गया।

### मुरादाबाद: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं



नवील अहमद

मुरादाबाद ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतों को सुना गया जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया ।महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

### मुरादाबाद:युवती को बहला फुसलाकर भगा के ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

संवाददाता सईद कुरैशी

**ठाकुरद्वारा।** युवती को बहला फुसलाकर भगा के ले जाने के आरोप में पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ठाकुरद्वारा सूरजननगर मार्ग स्थित एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि 23 दिसंबर 2024 कि शाम करीब 6 :00 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी उसकी पत्नी और पुत्र घेर में थे ।आरोप है कि थाना डिलारी के गांव तिखुटी निवासी सचिन पुत्र सत्यपाल सिंह उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर भगा ले गया। काफी तलाशने पर भी उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चल सका ।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजनौर में कांग्रेसियों का प्रदर्शन: पुलिस ने पार्टी दफ्तर पर ही रोका, प्रभात पांडेय की मौत में निष्पक्ष जांच की मांग की गयी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान

बिजनौर कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा हुए और वहां से प्रदर्शन करने के लिए कलेक्ट्रेट जाने के लिए जैसे ही निकले तभी पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर पार्टी दफ्तर पर ही कई मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। दरअसल आज कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी पार्टी दफ्तर पर इकट्ठा हुए। वहां से कई मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने जाने के लिए जैसे ही पार्टी दफ्तर से निकले इसी दौरान पहले से मौजूद पुलिस ने उन्हें पार्टी दफ्तर पर ही रोक दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और एसडीएम सदर को पार्टी कार्यालय पर ही राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने ज्ञापन में कहा कि कांग्रेस के विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों पर हुई पुलिसिया बर्बरता के कारण पुलिस की मारपीट से युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रभात कुमार पांडेय की दुःखद मौत हो गई थी। कांग्रेस पार्टी राज्यपाल से मांग करती है कि पुलिस की मारपीट में शहीद हुए कांग्रेस के युवा नेता प्रभात पांडेय की मौत की निष्पक्ष जांच कराई जाए।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी ने



कहा कि देश प्रदेश की मौजूदा सरकार खुलेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाने का काम कर रही है। आम जनता की आवाज को पुलिस के द्वारा दबाया जा रहा है। आम जनता की मांगों को लेकर कांग्रेस जब भी आवाज को बुलंद करने का काम करती है तभी पुलिस पूरी ताकत लगा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने का काम करती है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, जिला उपाध्यक्ष/पीसीसी सदस्य नजाकत अल्वी, जिला उपाध्यक्ष मो. सलीम एड., जिला उपाध्यक्ष कमलेश भुईयार, नहटौर ब्लाक अध्यक्ष मीनाक्षी सिंह, वरिष्ट नेता मो. अकबर, सलाउद्दीन सैफी, बाला सैनी, इकबाल अहमद, शादीलाल मारवाड़ी, मो. रफत, नदीम अहमद मौजूद रहे।

## मुरादाबाद:क्षेत्राधिकार कटघर थाना प्रभारी गलशहीद पुलिस बल के साथ अपराध नियंत्रण एवं शांति सुरक्षा के लिए निकाला फ्लैग मार्च

लोकतंत्र की आवाज़

नवील अहमद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कटघर द्वारा थाना प्रभारी गलशहीद एवं पुलिस बल के साथ अपराध नियन्त्रण, कानून एवं शान्ति, सुरक्षा व्यवस्था व जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गलशहीद क्षेत्रान्तर्गत गली, मोहल्लों, बाजार मुख्य रास्तों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेंकिग की गई।



# बिजनौर में एनकाउंटर का डर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है बदमाशों में

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**बिजनौर।** बदमाशों में योगी सरकार का खौफ और यूपी पुलिस के एनकाउंटर का डर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है यही कारण है कि अब बदमाश खुद अपने आप को पुलिस के हवाले करने पहुंच रहे हैं और आत्मसमर्पण कर रहे हैं अभिनेता मुश्ताक खान में फरार चल रहा आखरी आरोपी भी आज पुलिस के सामने सरेंडर करने अपनी मां के साथ थाने जा पहुंचा और अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया शुभम ने पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए थाने में अपने आप को सरेंडर कर दिया। फिल्म एक्टर मुश्ताक खान और सुनील पाल के अपहरणकर्ताओं के लिये यूपी पुलिस ऐसे काल बनकर टूट पड़ी की अपराधियों के हौसले पस्त हो गये। अब अपराधी खुद थाने पहुंचकर अपने आप को पुलिस के हवाले कर रहे हैं। अपराधियों के चेहरे पर पुलिस का खौफ साफ नजर आ रहा है। यही कारण है 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश अपहरण मामले में लिप्त अपनी मां को साथ लेकर पुलिस के आगे हाथ जोड़कर अपने आप को पुलिस के हवाले करने पहुंच गया। फिल्म एक्टरो के अपहरणकर्ताओं में आखरी आरोपी शुभम अपनी माँ के साथ पच्चीस हजार का ईनामी बदमाश खुद अपने आप को पुलिस के हवाले करने पहुंचा थाने साथ थाना कोतवाली शहर पहुंच गया। और पुलिस के आगे



रोता बिलखता गिड़गिड़ाने लगा, कहने लगा मझे माफ कर दो मुझसे गलती हो गई और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। थाना कोतवाली शहर में आखों में आंसू और चेहरे पर पुलिस का खौफ, हाथ जोड़कर माफी मांग रहा, सुभम जो फिल्म एक्टरों के अपहरण मामले मे फरार चल रहा था उस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है, पुलिस का डर इस पर इस कदर हावी हो गया कि वह हाथ जोड़कर अपनी मां रेखा को साथ लेकर थाना कोतवाली शहर पहुंचा और अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया।

## महाकुंभ 2025 में दिखेगी वढ के इन टूरस्टि प्लेसेस की खास झलक, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**प्रयागराज।** प्रायगराजमें अगले वर्ष जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों को कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने पर तेजी के साथ काम चल रहा है। टेंट सिटी से लेकर पर्यटकों के लिए फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग ने महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक पर्यटकों (श्रृद्धालुओं) के आने की उम्मीद के साथ सारी तैयारियां की हैं।साथ ही पर्यटक यहां से विभिन्न धार्मिक स्थलों के टूर पैकेज भी ले सकेंगे। पवेलियन में प्रयागराज, काशी, अयोध्या, मथुरा, सीतापुर, चित्रकूट, सोनभद्र, बुंदेलखंड, लखनऊ व अन्य जिलों में स्थित पर्यटन स्थलों की लघु फिल्में व पुस्तिकाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों को कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने पर तेजी के साथ काम चल रहा है। टेंट सिटी से लेकर पर्यटकों के लिए फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं। पर्यटन विभाग ने महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक पर्यटकों (श्रृद्धालुओं) के आने की उम्मीद के साथ सारी तैयारियां की हैं।

# उत्तराखंड के नगर निकायों का चुनाव 23 जनवरी को, आचार संहिता लागू

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**देहरादून।** उत्तराखंड के 100 नगर निकायों में 23 जनवरी को चुनाव होंगे। सोमवार को शासन से सहमति के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही प्रदेश के नगर निकायों में आचारसंहिता लागू हो गई है। आचार संहिता केवल शहरी निकाय क्षेत्रों में लागू रहेगी। सोमवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने आग कार्यालय में प्रेसवा कर अधिसूचना जारी की। उसने राज्य में 107 नगर निकाय हैं, जिनमें से तीन में प्रशासनिक व्यवस्था लागू है। दो नगर निकाय पटी (पंचायत) और गढ़ने (सिंह नगर) नर बने हैं, जिनका परिसीमन उपलब्ध नहीं है, जिस कारण चुनाव नहीं होगा। दी नगर निकायों किच्छा (ऊधमसिंह नगर) और नरेंद्रनगर (टिहरी) का परिसीमन भी आयोग को उपलब्ध नहीं हुआ है। लिहाजा, सात नगर निकायों में नहीं होगे। 100 निकायों 11 नगर निगम, 43 नगर पालिका, 46 नगर पंचायतों में यह चुनाव कराया जा रहा है।



- 27 से 30 दिसंबर तक होंगे नामांकन, मतगणना 25 जनवरी को

कुल मतदाता
30,83,500
पुरुष
15,89,467
महिला
14,93,519
चुनाव कार्यक्रम
को 27 से 30 दिसंबर 2024
मंकन 31 दिसंबर 2024 से 01 जनवरी 2025
मान 23 वरी (सु से शाम 5 बजे तक)
मापन 25 जनवरी (सुबह बजे से)
नगर निगम मेयर पद ओनगर देहरादून अकाषित कपुर चुरिओबी रुड़को महिला
हल्द्वानी
महिला पिथौरागढ़ अनाधित
अल्मोड़ा महिला अनारक्षित
अनारक्षित महिला
30 हजार कर्मचारी, 18 हजार सुरक्षाकर्मी लगेंगे चुनाव ड्यूटी में
30,000 सर लिए 18,000 2500 प्रशन के लिए 4000 कर्मचार अधिकारी के लिए 2000 अधिक किए कने संबंधित पेज 02 व माई सिटी 01
अन्य : 514
53 प्रेक्षक, 26 व्यय प्रेक्षक होंगे तैनात
कुरा में 41 12 प्रेक्षकों को मिलकर कुल 26 पत्रकार वार्ता करते राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार।

# बिजनौर: हरिद्वार के गुरु मंडल आश्रम में हुई ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** हरिद्वार के गुरु मंडल आश्रम मे ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में लगभग 10 से 12 राज्यों ने प्रतिभा किया था जिसमे उत्तर प्रदेश की टीम अव्वल रही थी। और नजीबाबाद वालिया ग्लोबल अकैडमी में ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से 13 वी इंटर कॉलेज जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नजीबाबाद के ग्राम जगदीशपुर बाजोपुर निवासी किसान नेता रामोद कुमार की पुत्री ताइक्वांडो खिलाड़ी हिमांशी प्रजापति ने गोल्ड मेडल जीतकर अपने जिले व स्कूल और अपने गांव का नाम रोशन किया था। हिमांशु प्रजापति के हौसले को बढ़ाने के लिए ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। और गांव पहुंचने पर ढोल नगाड़ों



से ज़ोर दार स्वागत किया स्वागत में पहचे भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान मोहित ढांका मोहम्मद कासिम व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मोहम्मद फैयाज युवा कांग्रेसी नेता अमजद सिद्दीकी व नदीम फारुकी ने भी हिमांशी प्रजापति को शील्ड देकर सम्मानित किया। और सभी लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# यूपी परविहन निगम की वशिेष पहल, जनरथ-शताब्दी बसों में कम हुआ करिाया, लोगों को मलिेगा जबरदस्त फायदा

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** एसी बसों के किराए में 20 प्रतशित डस्किाउंट कयिा गया है। ये नया करिाया शीतकालीन यानी ठंड के मौसम में लागू रहेगा। बाद में पहले की तरह किराया लिया जाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वातानुकूलित बस सेवाओं को जन उपयोगी बनाने के लिए परिवहन निगम ने बड़ी पहल की है। इससे यात्रियों को कम किराए पर शीतकाल में आरामदायक यात्रा करने का लाभ मिलेगा।जिन यात्रियों की एसी जनरथ व शताब्दी में 100 किलोमीटर की यात्रा 163 रुपये में हो रही थी, उन्हें अब 145 रुपये ही किराया देना होगा। एसी बसों के किराए में कमी शीतकाल यानी ठंड के मौसम में लागू रहेगी। बाद में पहले की तरह किराया लिया जाएगा।



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वातानुकूलित बस सेवाओं को जन उपयोगी बनाने के लिए परिवहन निगम ने बड़ी पहल की है। इससे यात्रियों को कम किराए पर शीतकाल में आरामदायक यात्रा करने का लाभ मिलेगा उल्लेखनीय है कि रोडवेज की साधारण बसों का किराया 1.30 रुपये प्रति किलोमीटर प्रति यात्री है, यानी 100 किलोमीटर की यात्रा करने वाले को 130 रुपये किराया देना पड़ता है। अब सामान्य बसों के यात्री 15 रुपये अधिक देकर एसी बसों से यात्रा कर सकते हैं। निगम का मानना है कि इस कदम से निगम की एसी बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी।

# लखनऊ : नए साल पर बदलेगा यूपी का मौसम, कुछ भी प्लान करने से पहले पढ़ें ये खबर; अलर्ट जारी

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

**लखनऊ।** मौसम विभाग ने 27 दिसंबर से 1 जनवरी तक उत्तर प्रदेश में कोहरा बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। 28 दिसंबर को पश्चिमी यूपी के कुछ जिलों में मेघगर्जन वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है। 29-30 दिसंबर को मौसम शुष्क रहेगा लेकिन कोहरा छाया रहेगा। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को भी कोहरा रहेगा। 27 दिसंबर को प्रदेश के कई इलाकों में छिछले से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं।28 दिसंबर को कुछ जिलों में बारिश के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी दी गई है। बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, एटा, आगरा और फिरोजाबाद जैसे इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, कानपुर और बिजनौर समेत कई जिलों में तेज हवाएं और बारिश हो सकती हैं। 29 और 30 दिसंबर को मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन देर रात और सुबह के समय छिछला से मध्यम कोहरा छाया रहेगा।31 दिसंबर और एक जनवरी को भी प्रदेश में कोहरा छाने की संभावना है। मौसम शुष्क रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने




किसानों और आम जनता को सतर्क रहने की सलाह दी है। ओलावृष्टि और तेज हवाओं के दौरान बाहर निकलने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। वहीं, इन दिनों यात्रा करने वाले लोग सुबह के समय कोहरे के चलते सावधानी बरतें।

# बिजनौर गूगल मैप ने भटकाया, नगीना वालों ने दिखाई राह

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

**नगीना ।** गूगल मैप के सहारे जिम कॉर्बेट पार्क जा रहे टूरिस्ट भटक जाने के कारण नगर में जल निगम द्वारा खोदी गई सड़क में उनकी गाड़ी खोदे गए खड्डे में फस गई। ज्ञातव्य हो कि कि गूगल मैप के सहारे चलने वाले कई लोग कई जगह पर हादसों के भी शिकार हो चुके हैं ऐसी कई खबरें अखबारों में प्रकाशित होने के बाद फिर भी गूगल मैप लोगों को सही दिशा की बजाय भटकाता हुआ नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार अतुल भाई पुत्र प्रभुदास निवासी पालनपुर गुजरात घूमने के इरादे से जिम कॉर्बेट पार्क जा रहे थे, उनके साथ एक परुष और तीन महिलाएं



भी थी। सभी फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे और दिल्ली से उन्होंने एक इनोवा गाड़ी जिम कॉर्बेट पार्क जाने के लिए हायर की। इनोवा गाड़ी के ड्राइवर ने दिल्ली से जिम कॉर्बेट तक के मार्ग का गूगल मैप सेट कर दिया और वहां से निकल पड़े। जब वह नगीना आए तो गूगल मैप ने उन्हें हाईवे की बजाय नगर के अंदर का रास्ता दिखा दिया। जिस पर गाड़ी मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा से जब बाजार मझलेटा पहुंची तो वहां पर जल निगम द्वारा खोदी जा रही सड़क में उनकी गाड़ी फस गई मोहल्ले के और आसपास के दुकानदारों ने जब उनसे पूछा कि आप कहां जा रहे हैं तो उन्होंने बताया कि वह गुजरात से आकर जिम कॉर्बेट पार्क घूमने के लिए जा रहे हैं। गूगल मैप के रास्ते के सहारे हम यहां आकर फस गए। तभी स्थानीय निवासी अजहर हसनैन शम्सी ने नगर की विभिन्न गलियों से गाड़ी को निकलवाकर अकबराबाद चौराहे पर पहुंचाया। और उनके गूगल मैप को हाईवे के हिसाब से सेट कर उन्हें हाईवे पर उनके गन्तव्य के लिए रवाना कर दिया। जिस पर चलते समय अतुल भाई ने अपने परिवार सहित उनका शुक्रिया अदा किया।

# संक्षिप्त खबरें ।

## डीएम ने विभिन्न विकास कार्यों और निर्माण कार्यों का अवलोकन किया



लोकतंत्र की आवाज़
जगदीशपुर। भोजपुर के जगदीशपुर प्रखंड में डीएम तनय सुल्तानिया ने ककीला गांव स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज और हरिगांव गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के तहत क्लस्टर योजना के तहत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। मौके पर पुलिस कप्तान श्री राज मौजूद थे। डीएम ने दोनों स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों और निर्माण कार्यों को 10 दिन के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने खेल मैदान, हाई स्कूल, अस्पताल, पंचायत सरकार भवन में संबंधित विभागीय अधिकारियों के नाम और संबंधित योजनाओं का डिजिटल नेम प्लेट लगाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान, पंचायत के मुखिया विजय शंकर चौबे ने चल रहे निर्माण कार्य को डीएम से साझा किया और डीएम ने विभिन्न कार्य कराने का निर्देश भी दिया।इस मौके पर भोजपुर सिविल सर्जन, आरा सदर अस्पताल के मैनेजर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुदर्शन कुमार, सीओ विश्वजीत नीलांकर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी राजेश प्रसाद और कई विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## आग लगने से बेटी की शादी का अरमान हुआ खाक



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। नव वर्ष में लाली बिटिया की शादी को लेकर जहां घर परिवार के सदस्यों ने सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली थी। घर में खुशियों का माहौल था। लेकिन अचानक घर में आग लग जाने के कारण सब कुछ जलकर राख हो गया। 70 हजार नगदी सहित लगभग दो लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस घटना ने शादी की सारी खुशियाँ ग़म में तब्दील कर दिया। एक गरीब आदमी को बिटिया की शादी के लिए कितनी जद्दोजहद करनी पड़ती है। सहज एक अंदाजा लगाया जा सकता। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के पुरानीसराय गांव की है। नित्यानंद मंडल, जोगिंद्र मंडल और अमित कुमार के घर में आग लगी थी। तीनों का घर सटा हुआ पीड़िता शांति देवी ने बताया कि बीमार रहने के कारण हम घर में सोए हुए थे। आग की लपटें जब तेज हुई तो हमको जानकारी हुई। हम किसी तरह अपनी जान बचाए। कहा मेरी छोटी बहन की शादी थी। लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। घर में रखा लगभग 70 हजार नकदी,जेवरात,शादी का जोड़ा ,दो सोफा और अनाज सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए।इस घटना में लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है। वहीं पीड़ित बसंती देवी ने बताया कि आग कैसे लगी। इसकी जानकारी नहीं है। अगर हम लोग सामान निकालने के चक्कर में रहते तो बाल,बच्चे भी जल जाते। दमकल गाड़ी और ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया है। अगर हम लोग सामान निकालने के चक्कर में रहते तो बाल,बच्चे भी जल जाते। दमकल गाड़ी और ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया है।

## जदिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई आर्म्स एक्ट में चल रहे फरार, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
सुपौल। जिले के जदिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है, पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जदिया थाना कांड संख्या 143/24 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद कमरूजमा उर्फ बिक्को पिता मोहम्मद बद्दी पता बिशनपुर वार्ड नंबर 1 थाना कुमारखंड जिला मधेपुरा और मोहम्मद रियाज पिता मोहम्मद जूमराती पता निशहरपुर थाना शकरपुर जिला मधेपुरा निवासी है, पुलिस के मुताबिक यह दोनों आरोपी फरार चल रहे थे, जिसकी तलाश पुलिस को थी, इस बाबत जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपी को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपी को न्याय हिरासत में भेज दिया है,

## बीपीएससी छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में मुख्यमंत्री का फुंका गया पुतला



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर ।गुरुवार को नवगछिया रेलवे स्टेशन चौक स्थित छात्र राजद प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुशवाहा के नेतृत्व में बीपीएससी छात्रों पे हुए लाठी चार्ज के विरोध में छात्र राजद के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। छात्र प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुशवाह ने बताया कि जिस प्रकार से एनडीए की सरकार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इशारे पर जो बीपीएससी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया ।यह दुर्भाग्यपूर्ण है ।पुतला दहन के मौके पर के छात्र राजद जिला प्रभारी राजीव यादव ने कहा कि ये नीतीश कुमार पूरी तरह बूढ़े हो चुके हैं उनसे अब बिहार चलने वाला नहीं हैं ।ये छात्र विरोधी सरकार हैं मौके पर मौजूद युवा नेता सुमित यादव,शैलेश यादव,सुमित ,गोली,रोशन आदि मौजूद थे।

# एक जनवरी को लेकर विश्वविद्यालय की तैयारियों की समीक्षा कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कि दिए गए कई सारे निर्देश

### विश्वविद्यालय के प्रोडक्ट्स और अन्य जानकारियों को भी प्रदर्शित करने की बनी योजना



लोकतंत्र की आबाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपूर।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने एक जनवरी को लेकर विश्वविद्यालय की तैयारियों की समीक्षा की। कुलपति डॉ पांडेय ने कहा कि एक जनवरी को विश्वविद्यालय में आस पास के लोगों की काफी भीड़ जमा होती है। इस दौरान लोगों को किसी तरह की कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और विश्वविद्यालय के प्रोडक्ट्स और अन्य जानकारियों को भी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। डॉ पांडेय ने कहा लोगों के लिए साफ पानी और शौचालय की अच्छी और समुचित व्यवस्था की जाये। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में गाड़ियों के पार्किंग की भी उचित व्यवस्था की जाये।

उन्होंने कहा कि आस पास के लोग विश्वविद्यालय के परिवार के ही सदस्य की तरह हैं और उनको किसी तरह की कोई समस्या न हो इसका पूरा प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को कचड़ा इधर उधर न फेंकने के लिए भी जागरूक किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विश्वविद्यालय में लोगों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और रेफरल अस्पताल से भी संपर्क बनाने का भी निर्देश दिया। कुलपति ने एक जनवरी को विश्वविद्यालय के सभी विभागों के वार्षिक समीक्षा कार्यक्रम करने का भी निर्देश दिया। और कहा कि इस दिन पिछले वर्ष से सबक लेकर नये वर्ष में जी जान से किसानों के कल्याण को लेकर जुट जाने का शपथ लेना चाहिए। नये वर्ष में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। गणतंत्र दिवस में एन सी सी के कार्यक्रम को लेकर कुलपति ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को विशेष रूप से जागरूक किया जाये ताकि वे गणतंत्र दिवस पर बढ़ चढ कर भाग लें।

उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि किसान विश्वविद्यालय की ओर बड़ी आशा से देख रहे हैं। उनकी अपेक्षाएं नये वर्ष में और ज्यादा होंगी। किसानों की अपेक्षा और देश को विकसित बनाने को लेकर सब को एकजुट होकर काम पर जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम में निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह , कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार , छात्र कल्याण निदेशक डॉ रमन त्रिवेदी , डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉक्टर राम सुरेश वर्मा , डॉ प्रणब कुमार, डॉ दिनेश रजक, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या करवाई थी, दूसरा आरोपी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

चाट दुकानदार की हत्या मामले का दूसरा आरोपी गिरफ्तार, पूर्व में मृतक की पत्नी को भेजा गया है जेल,तीयर थानाक्षेत्र के कटाईबोझ पुल के समीप पिछले 19 नवंबर को श्यामबाबू साह की धारदार हथियार से की गई थी हत्या

**जगदीशपुर/भोजपुर।** अनुमंडल के तीयर थाना क्षेत्र के गंगाधर डिहरी के रहने वाले चाट समोसा दुकानदार 37 वर्षीय श्यामबाबू साह के हत्या के दूसरे नामजद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपित मुन्ना सिंह उर्फ मुन्ना यादव तीयर थाना क्षेत्र के गंगाधर डिहरी गांव निवासी स्व. जीतन यादव उर्फ जीतन सिंह का पुत्र है। पुलिस ने उसे बक्सर जिले के बगेन थानाक्षेत्र के पोखराहां गांव स्थित उसके बहन के घर छापेमारी कर गिरफ्तार किया है।

श्यामबाबू साह हत्या मामले को लेकर गुरुवार को जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर नामजद के गिरफ्तारी की पुष्टि की। एसडीपीओ ने बताया कि पिछले 19 नवंबर को तीयर थाना क्षेत्र के गंगाधर डिहरी निवासी श्यामबाबू साह की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। कांड में दो अभियुक्त थे। प्रेम प्रसंग में हत्या की गई थी। जिसमें मृतक की पत्नी शोभा देवी और प्रेमी मुन्ना यादव ने मिलकर प्लान के तहत हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

मुन्ना यादव ने कटाईबोझ गांव के समीप सुनसान रास्ते पर टांगी से श्यामबाबू साह के सिर पर अनेकों वार कर निर्ममता से उसकी हत्या कर दी और हत्या में प्रयुक्त टांगी को घटना स्थल से कुछ दूर आगे झाड़ी में फेंक पैदल ही फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल मृतक की पत्नी शोभा देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उसके बाद दूसरे नामजद आरोपित मुन्ना यादव को भी बुधवार रात्रि को बगेन गोला थाना क्षेत्र के पोखराहां गांव उसके बहन के घर से गिरफ्तार किया गया।

# भाजपा संगठन ने युवा,महिला के साथ सभी समाज को दिया समावेसी नेतृत्व

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** भारतीय जनता पार्टी जिला भागलपुर को प्रदेश संगठन ने 32 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। जिला संगठन चुनाव अधिकारी डॉ विजय शंकर चौधरी उर्फ़ खोखा बाबू एवं शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश व जिला समन्वय समिति के निर्देशन का पालन करते हुए बुधवार को भागलपुर जिला के अध्यक्ष संतोष कुमार के द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष के नामो की विधिवत घोषणा की गई।

विधानसभा झपीरपेंती में हरे राम शर्मा, बाराहाट से शिवनंदन साह, नंदलालपुर से रवि कुमार सिंहा, बाराहाट से अभिजीत आनंद, बाखर पुर से अंकू कुमार सिंह,ख़बासपुर से मिथलेश कुमार को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बधाई देते हुए



जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने सभी मंडल अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत संकल्प से संगठन के निर्माण में नये आयाम स्थापित करेंगे। बधाई देने वालो में मुन्ना सिंह, सत्यनारायण ओझा,मिट्ठू पाण्डेय सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# रोजगार मांगने पर युवाओं को पुलिस से पिटवा रही है एनडीए सरकार, 2025 में जनता लेगी बदलाः राजीव

लोकतंत्र की आवाज

**जगदीशपुर, भोजपुर।** जगदीशपुर प्रखंड में राजद युवा नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भइया ने गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने अन्हरीवाग निवासी डॉ रामबाबू सिंह जी के पिताजी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और गरीब असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। इसके अलावा, उन्होंने अपने केसरी गांव में राजद समर्थित कार्यकर्ताओं और कई लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।

उन्होंने सभी से कहा कि 2025 में तेजस्वी प्रसाद यादव को मुख्यमंत्री बनना है और इसके लिए क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने की





आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव की सरकार बनेगी तो माई-बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये दिए जाएंगे। पिंकू भइया ने बीएससी अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में रोजगार के नाम पर युवाओं को पीटा जा रहा है, जबकि उनके नेता तेजस्वी यादव ने 17 महीनों में रोजगार और नौकरी देने का काम किया था। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए सरकार युवाओं को पीट रही है और इसका बदला 2025 में बिहार की जनता लेगी।

# टेनिस क्रिकेट : वाईसीसी जूनियर टीम ने 6 विकेट से भागलपुर को हराया

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** वाईसीसी टेनिस क्रिकेट चैलेंजर ट्रॉफी के दूसरे लीग मुकाबला वाईसीसी जूनियर वर्सेस टाइगर अलेवन भागलपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीत के भागलपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 93 के कुल योग पर ऑल आउट हो गई। जिसमें टाइगर इलेवन के बल्लेबाज मनीष ने 31 रन और सोनू सरकार ने 20 रन का योगदान दिया।

वाईसीसी जूनियर के गेंदबाज किशन कुमार ने तीन विकेट और सत्यम, फिर्दोष , साजिद ने दो-दो विकेट अपने नाम किया ।वहीं जवाब में वाईसीसी जूनियर के सत्यम ने 35 रन का योगदान दिया । वही कौशल राज ने 28 रन का योगदान दिया भागलपुर के तरफ से गौरव राज



और सोनू सरकार सरकार ने दो विकेट अपने नाम किया और वाईसीसी जूनियर की टीम ने ये मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार किशन कुमार को दिया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका में रोशन महनामा और मुकर्रम अली निभाया।कॉमेंटेटर की भूमिका में अंशु कुमार और घनश्याम मौजूद थे। मैच का आयोजन प्रखंड के मैदान पर हो रहा है आयोजन की भूमिका में अनुज, रवि कुमार, प्रशांत कुमार उर्फ डिंपल ,आदित्य,मिलन सिन्हा विक्की ,सचिन आदि मौजूद थे । अगला मुकाबला शुक्रवार को बलिया बनाम हनी अलेवन भागलपुर के बीच खेला जाएगा।

# नेहरू युवा केंद्र माई भारत साहेबगंज के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तालझारी प्रखंड में किया गया आयोजन





लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** तेतरिया संथाली फुटबॉल मैदान बोरियो, साहेबगंज में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन नेहरू युवा केंद्र साहेबगंज के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओं के लिए कबड्डी, स्किपिंग और 200 मीटर दौड़, के साथ पुरुषों के लिए फुटबॉल , 400 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप प्रतियोगिता किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें फुटबॉल में रिमझिम स्पॉटिंग क्लब दुर्गा टोला (प्रथम), रनर मशीह स्तर क्लब तेतरिया संथाली ,कबड्डी में किरण कुमारी ग्रुप प्रथम ,रनर सानिया ग्रुप,400 मीटर दौड़ (पुरुष) में हजांय मरांडी प्रथम ,मांझी मरांडी द्वितीय और सुभाष हांसदा तृतीय ,200 मीटर दौड़ (महिला) में काजल कुमारी प्रथम , खुशबू कुमारी द्वितीय और खातिजा खातून तृतीय ,स्किपिंग में नैंसी कुमारी प्रथम,मैमून खातून द्वितीय और तेजरून खातून तृतीय और लॉन्ग जंप में राहुल बस्की प्रथम ,सोनू कुमार द्वितीय और कृष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में मौके पर ग्राम प्रधान सोमय टुडू ,सोती चौकी पांगड़ो के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री मृत्युंजय कुमार,शिक्षक शारदा कुमारी नेतृत्व में किया गया।

# प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सैकड़ो विद्यार्थियों ने लिया भाग

लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** जिले के मोरवा प्रखंड क्षेत्र के वाजितपुर करनेल चौक स्थित स्टूडेंट कोचिंग सेंटर के द्वारा बुधवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें करीब चार सौ से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कोचिंग सेन्टर के संचालक विनोद कुमार राय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता विद्यार्थियों के प्रतिभा को उभारना मकसद है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता से बच्चों को मानसिक सद्भावनाओं का विकास होता है। वहीं उन्होंने कहा कि व्यापक अर्थ में शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं



योग्य नागरिक बनाया जाता है।

विद्यार्थी अभी से ही इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो उनके अंदर किसी भी कंपटीशन में बैठने का डर खत्म हो जाता है, आंतरिक शक्ति बढ़ जाती है। जिससे आसानी से वह आगे किसी भी कंपटीशन को फेस कर सकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि करीब 5 वर्षों से प्रत्येक वर्ष प्रतिभा खोज प्रतियोगिता उनके द्वारा आयोजित किया जाता है। जिसमें वर्ग पांच से लेकर 12 वीं क्लास के छात्र एवं छात्राओं ने इसमें भाग लिया है। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का संचालन जितेश कुमार के द्वारा किया गया है। प्रतियोगिता के पश्चात इसका परिणाम के बाद प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुस्तक,पेन, कप, मेडल से सम्मानित किया जाता है। मौके पर सहयोगी शिक्षक में मिथिलेश कुमार, अविनाश कुमार, चंदन कुमार, नवीन कुमार, रितेश कुमार सहित दर्जनों शिक्षक व सैंकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

# पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड पंचायत समिति (बीडीसी) की बैठक प्रखंड प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न विकास योजनाओं सहित अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने बैठक में नल योजना, सम्पर्क सड़क, पीएम आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशनकार्ड, आंगनबाड़ी, जन वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली, सफाई, अतिक्रमण, जल-जीवन-हरियाली के अलावा दाखिल-खारिज, परिमार्जन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में विलंब सहित अन्य योजनाओं व मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही पिछले विकास कार्यों की समीक्षा की गई। वहीं आगामी



योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तैयार करने का निर्णय लिया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने बैठक में मौजूद सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने पंचायतों में चल रहे मनरेगा कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल आदि अन्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

पंचायत प्रतिनिधियों ने कुछ विषयों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, उप प्रमुख शुभ नारायण यादव, बीडीओ डॉ अरुण कुमार, बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव, एमओ अंकित कुमार श्रीवास्तव, मनरेगा पीओ खालिद अख्तर, बिजली विभाग के जेई सुजीत कुमार, बीडीसी सीता देवी, विमल तिवारी, मिथिलेश सिंह, रमेश प्रसाद, आशीष सिंह, जितेन्द्र महतो, जितेन्द्र सिंह, मुखिया भूषण साह, अखिलेश कुमार यादव, अशोक कुमार मांझी, महेश्वर राय समेत अन्य बीडीसी सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी आदि शामिल थे। बैठक के अंत में प्रमुख ने सभी सदस्यों से विकास कार्यों में सहयोग व पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन उप प्रमुख शुभ नारायण यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वेद एवं सनातन संस्कृति की जानकारी बच्चों को होना अतिआवश्यकः प्राचार्य सानुज पाण्डेय

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

शिवहरः जेल रोड वार्ड नंबर 12 बाभन टोली स्थित वेद विद्यालय शिवहर के संस्थापक अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार पाण्डेय, के विद्यार्थियों द्वारा तुलसी पूजन किया गया। वहीं स्कूल के प्राचार्य सानुज कुमार पाण्डेय ने बताया कि वेद से संबंधित सभी प्रकार के वेदों धर्म संस्कृति एवं सनातन धर्म के पढ़ाई बच्चों को कराईं जाती हैं। ताकि आने वाले समय में बच्चे अपने धर्म एवं संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। वहीं उन्होंने कहा कि इस स्कूल के संचालन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सनातन धर्म एवं संस्कृति व वेद के की अच्छी जानकारी दी सकें। उधर इस उत्तम शिक्षा पर पदाधिकृत समाजसेवी अवध साह ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा शिवहर में सनातन धर्म का शिक्षा देने वाले संस्था को हम सभी को निस्वार्थ, शारीरिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से सहयोग करनें हेतू संकल्पित होना अतिआवश्यक है।

### मोतिहारीः रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विशेष अभियान बसेरा 2 के अंतर्गत 16 भूमिहीनों को बंदोबस्ती का पर्चा वितरण किया गया

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारणः दिनांक 26.12.2024 गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रक्सौल तथा अंचल अधिकारी रक्सौल द्वारा बिहार सरकार के विशेष अभियान बसेरा 2 अंतर्गत कुल 16 भूमि बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया। यह बंदोबस्ती पर्चा 16 भूमिहीन एवं महादलित वर्ग से आने वाली महिलाओं को दिया गया। जिसमें रक्सौल अंचल के पलानवा पंचायत की 10 एवं पुरंदरा पंचायत की 6 महिला लाभुक शामिल हैं। वहीं अंचलाधिकारी ने बताया कि बसेरा 2 अंतर्गत लगभग 20 अभिलेख प्रक्रियाधीन है एवं जल्द ही रक्सौल अंचल के भूमिहीनों को पर्चा उपलब्ध कराया जाएगा।

### घटिया बाल्टी लेकर बैरिया गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय पर किया प्रदर्शन। बीडीओ कार्यालय मे की शिकायत

गौनाहा / प्रखंड के बाजड़ा पंचायत के वार्ड नंबर 13, 14 व 15 मे स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को दिये गये घटिया बाल्टी वितरण किये जाने पर ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित वार्ड नंबर 13 के वार्ड सदस्य गुलरेज आलम, ग्रामीण प्रदीप कुमार यादव, उरेज अंसारी, मोहम्मद जान मियां, लड्डू आलम, अमीत वर्मा, नेयाज आलम, हीरालाल कुमार कुशवाहा, मोहमद्दीन अंसारी, मुन्ना खान, अरविन्द यादव, अजनबी मियां, अनिल किशोर यादव आदि ने बताया कि बाजड़ा पंचायत के द्वारा प्रत्येक वार्ड मे अत्यंत घटिया बाल्टी का वितरण किया गया है जो किसी काम का नही है। यही कारण है कि बैरिया गांव के दर्जनों ग्रामीणों द्वारा घटिया बाल्टी लेकर प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि अगर घटिया बाल्टी कि जगह अच्छी बाल्टी नही दिया गया तो, पुरे पंचायत कि जनता आंदोलन पर उतारू होगी तथा इस मामले को ऊपर तक पहुंचाया जायेगा। बैरिया गांव के ग्रामीणों द्वारा घटिया बाल्टी कि शिकायत प्रखंड कार्यालय मे करते हुए एक आवेदन बीडीओ को दी गयी है। बीडीओ शिवजन्म राम ने बताया कि मामले कि जांच कर अग्रतर करवाई कि जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव जितेन्द्र कुमार द्वारा बाजड़ा पंचायत के प्रत्येक वार्ड मे घटिया बाल्टी का वितरण किया जा रहा है। जबकि मुखिया जयप्रकाश महतो का कहना है कि इसके लिए प्रखंड कार्यालय जिम्मेवार है।

### नाली विवाद को लेकर दो पटीदारो हुई जमकर मारपीट में एक की हुई मौत, तीन गिरफ्तार

बगहा।बगहा पुलिस जिला अंतर्गत रामनगर थाना क्षेत्र समय 08:30 बजे ग्राम–मुडिया में घर के आगे नाली विवाद को लेकर दो पटीदार आपस में ही मार पीट कर रहे थें। मार–पीट के क्रम में पिन्टु यादव पे० –मनोज यादव गंभीर रुप से घायल हो गये थें। जिसकी सूचना थानाध्यक्ष रामनगर मिलने के उपरान्त तुरन्त अपने बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। उक्त घायल व्यक्ति को प्रा०स्वा०केन्द्र, रामनगर लाया गया, जिसे डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज ने दिया।उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में रामनगर थाना में काण्ड अंकित कर अग्रत्तर कार्रवाई की जा रही हैं। घटना स्थल पर पुलिस पदाधिकारी के साथ एफएसएल की टीम भी जाकर घटना के बारे मे जॉच कर रही हैं। इस मामले में नामजद अभियुक्त गोलू यादव, क्रित्ती यादव, अनिता देवी को साकिल मुड़िया, थाना रामनगर से गिरफ्तार किया गया हैं।


# 21 साल की महिला की 18 साल की बेटी.... चौंक गए ना? मोतिहारी श्रम विभाग में हुआ करोड़ों का घोटाला

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी के जिला श्रम कार्यालय कुछ वर्ष पहले तक बाल मजदूर, बंधुआ मजदूर को मुक्त करवाने के लिए चर्चा में रहता था. ईंट भट्ठा हो या दुकान या फिर ट्रेन हर तरफ श्रम विभाग की पैनी नजर रहती थी, लोग भी इन उपलब्धियों को देखकर सराहना कर रहे थे । इन उपलब्धियों के नीचे करप्ट सिस्टम एक खेल भी खेल रहा था। लाख नहीं करोड़ों की गबन और घोटाला की एक अलग दुनिया भी श्रम विभाग में चल रहा था। ज़ी मीडिया के पास जो कागजात है उसके हिसाब से मोतिहारी के श्रम कार्यालय में एक बड़ा घोटाला सामने आया है. सरकार योजना लाती है जरुरतमंदों तक मदद पहुँचाने के लिए पर भ्रष्ट अधिकारियों और दलालों के गठजोड़ असली लाभुक के बजाए फर्जी लाभुक के नाम पर करोड़ों का बंदरबांट कर लेते है. ऐसा ही मोतिहारी के श्रम कार्यालय में हुआ है जहां मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गजब का घोटाला हुआ है. मोतिहारी के कोटवा प्रखंड में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में फर्जी भुगतान के कई सबूत मिले है. अगर विभाग द्वारा जांच की जाए तो यह

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में फर्जी भुगतान के मिले कई सबूत**




घोटाला करोड़ों में जा सकता है. बता दें कि मोतिहारी सहित पूरे बिहार में श्रम विभाग के द्वारा निर्माण कार्य से जुड़े लोगों का लेबर कार्ड बनाया जाता है. उसी लेबर कार्ड के तहत श्रम विभाग में निबंधित मजदूरों की एक्सीडेंटल डेथ पर 40 हजार रुपए, नेचुरल डेथ पर 20 हजार रुपये और दो बेटियों की शादी के लिए श्रम विभाग के तहत 50 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है. अब मोतिहारी में कई प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी इसी का लाभ उठाते हुए लाभुक के साथ मिलकर 50% के मोटी कमीशन पर इसका लाभ बिना जरूरतमंद को अथवा बिना सही जांच किए भी दे देते है. मोतिहारी के कोटवा प्रखंड में कई मामले सामने आए है. ग्राम महुआ पोस्ट मच्छर गांवा प्रखंड कोटवा निवासी गुड्डू शर्मा ने अपनी बेटी के शादी में श्रम विभाग से 50000 का अनुदान लिया है, लेकिन उनके आवेदन में साफ लिखा है कि उसकी पत्नी की उम्र वर्तमान में 21 साल है, फिर क्या यह संभव है कि 21 साल की महिला, 18 साल की बेटी की मां हो सकती है? ग्राम कररिया प्रखंड कोटवा निवासी स्व सुनील कुशवाहा की पत्नी उषा देवी ने अंचल कार्यालय के द्वारा जारी अपने वंशावली में जानकारी दिया है कि उनको बेटी नहीं है सिर्फ चार पुत्र ही है फिर उनको श्रम विभाग बेटी की शादी के लिए 50000 का अनुदान दे दिया. ग्राम पुरानीडीह प्रखंड कोटवा निवासी राजकुमार शर्मा ने भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत श्रम विभाग से 50000 का अनुदान प्राप्त किया है लेकिन इनके आवेदन में भी उनकी पत्नी सुनीता देवी की उम्र सिर्फ 25 साल ही हैं. यानी 25 साल की महिला 18 साल की बेटी की मां बन गई? सूत्रों की मानें तो केवल कोटवा प्रखंड में ही 1000 से अधिक फर्जी लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का फर्जी भुगतान किया गया है. जबकि हरसिद्धि प्रखंड के सिर्फ एक पंचायत मानिकपुर हसुआहा में करीब 400 लोगों को अनुदान मिला है. जिसमें अगर जांच हो तो अधिकतर फर्जी निकल जाएगा। कोटवा के तीन लोगों से पैसा रिकवरी हो गया है पर श्रम अधीक्षक तीनों में से एक का भी नाम नहीं बता सके. आगे श्रम अधीक्षक बोला कि एक आवेदन दें दीजिए कारवाई के सात एफआईआर भी होंगी. अब श्रम अधीक्षक को कौन बताए पत्रकार पक्षकार नहीं होता, पत्रकार तो आईना दिखता है. अब सवाल उठता है कि क्या मोतिहारी के जिलाधिकारी इसकी जांच कर घोटाला पर नकेल कसना चाहेंगे? इस पर सभी की नजर टिकी हुई है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जाँच शिविर, मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वृंदावन पश्चिम चम्पारण के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने बताया कि विद्यालय में चिकित्सा जाँच शिविर सह मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल ने जिले प्रख्यात हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ उपेन्द्र कुमार का स्वागत किया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरि लाल ने कहा कि भारत सरकार की पीएम श्री योजना के अनुसार विद्यालय में मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य हरि लाल ने कहा कि छात्र छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए स्वास्थ्य के साथ साथ मार्गदर्शन एवं परामर्श बहुत जरूरी है।डॉ उपेन्द्र कुमार ने विद्यालय में कैम्प लगाकर छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की जॉच की। इस अवसर पर डॉ उपेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया। डॉ उपेन्द्र कुमार ने अपने संस्था स्लीपरमैन के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में पुरस्कार वितरण किया। डॉ उपेन्द्र कुमार एक शिक्षक एवं अभिभावक की तरह विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए काफी जोश उत्साह के साथ उचित मार्गदर्शन दिया ताकि आज के विद्यार्थी भविष्य में महान नागरिक बन कर राष्ट्र की सेवा करें। डॉ उपेन्द्र कुमार ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। जवाहर नवोदय विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विश्व मोहन प्रसाद ने मंच का संचालन किया।

## केसरिया में जेल सुपरिटेंडेंट मनीष कुमार का हुआ जोरदार स्वागत



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**मोतिहारी।** जिले के केसरिया प्रखंड अंतर्गत कढान गांव के निवासी मनीष कुमार जो 69वीं बीपीएससी परीक्षा में 37वां रैंक प्राप्त कर जेल सुपरिटेंडेंट का पद हासिल किया है। वें गुरुवार को अपने पैतृक गांव आगमन पर केसरिया पितांबर चौक पर सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है। इस दौरान केसरिया के कुशहर में राजद नेता सह राजद राज्य परिषद सदस्य अवधेश कुमार यादव ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही श्री यादव ने कहा कि मनीष कुमार ने जेल सुपरिटेंडेंट का पद प्राप्त किया है। जो सराहनीय एवं गर्व की बात है। उन्होंने प्रखंड सहित जिले का नाम रौशन किया है। वहीं बधाई एवं शुभकामनाएं देने वाले में केसरिया 31 ज़िला परिषद सदस्य पति सह राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्ता, सुमन यादव, विक्रमा यादव, कृष्णा यादव, राजद नेता चंदेश्वर राय, राम एकबाल शर्मा समेत कई अन्य लोगों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दीं है।

## भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन का साहस त्याग, बलिदान की गौरवमयी इतिहास है– भाकपा माले संघर्षों और कुर्बानियों की एक सदी–वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

26 दिसम्बर 2024 भाकपा माले ने भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन का शताब्दी वर्ष पर फासीवाद विरोधी संघर्ष और लोकतंत्रिक शक्तियां विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया, परिचर्चा के मुख्य अतिथि भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि 100 सालों में कम्युनिस्टों ने जो व्यक्ति गत ईमानदारी व सार्वजनिक नैतिकता का जो परिचय दिया है, वह भारतीय राजनीति में उसकी कोई मिसाल नहीं है। अगर हमें एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाना है। तो यह कम्युनिस्टों के नेतृत्व में ही सम्भव है. आगे कहा कि कम्युनिस्टों ने साम्प्रदायिकता के खिलाफ बिना कोई समझौते किये आंदोलन जारी रखा है। इसके लिए




कम्युनिस्टों का कोई विकल्प नहीं। जाति के नाम पर राजनीति बहुत हुई लेकिन जातिवाद खत्म नहीं हुआ। सिर्फ वर्गीय चेतना का विचार ही जातिवाद को खत्म कर सकता है और यह सिर्फ कम्युनिस्टों के पास है। भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि भारत के इतिहास में ते भागा और तेलांगना आंदोलन का काफी महत्वपूर्ण जगह है, यह अदभुत त्याग बलिदान की गौरवमयी वीरगाथा है।इंकलाबी नौजवान सभा जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा कि भाजपा समाज को संविधान के बल पर नहीं मनुस्मृति के बल पर चलने की कोशिश कर रहीं हैं, समाज में जाति हिंसा को बढ़ावा देने का काम कर रहीं हैं वरिष्ठ नेता दयानंद दुबे ने कहा कि जो पहले ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कम्पनी राज और जमींदारों का कब्जा था जिसको संघर्षों के बल पर खत्म किया, कम्युनिस्टों ने बलिदान की मिशाल कायम किया है. इनके अलावा नवीन कुमार, संजय यादव, सुबास चन्द्र कुशवाहा, जवाहर प्रसाद, जितेन्द्र राम आदि नेताओं ने भी सम्बोधित किया, संचालन सुरेन्द्र चौधरी ने किया सुनील यादव

## बगहाःकेंद्रीय मंत्री ने अपना प्रतिनिधियों का लिस्ट किया जारी, बगहा विधानसभा प्रभारी बनें रितु जयसवाल

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** भाजपा के केंद्रीय कोयला व खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में अपने प्रतिनिधियों का लिस्ट जारी किया है। जारी लिस्ट के अनुसार बगहा विधानसभा में के प्रतिनिधि रितु जायसवाल, रामनगर विधानसभा में पंकज झुनझुनवाला तथा क्षेत्र बड़ा होने के कारण वाल्मीकि नगर में रविंद्र यादव व सुमन सिंह उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ता तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल को बगहा भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं ने को बधाई दी है तथा केंद्रीय मंत्री को धन्यवाद दिया है। रितु जायसवाल ने




बताया कि मैं भाजपा का सिपाही हूं माननीय मंत्री जी के द्वारा लगातार पार्टी के बेहतरी के लिए कार्य किया जा रहा है जिसमें उनके द्वारा मुझे भी जिम्मेदारियां मिलती रही है। जिसे मैं सदैव शत प्रतिशत निर्वहन का प्रयास करता रहा हूं। शायद उसी का नतीजा है की केंद्रीय मंत्री के द्वारा मुझे यह जिम्मेदारी मिली है। उनका आभार प्रकट करते हुए मेरी कोशिश होगी कि उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं और पार्टी हित में लगातार कार्य करता रहूं।

## मोतिहारीः वोट बैंक का जुगाड है प्रगति यात्रा; राम अधार राय

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**मोतिहारी।** चुनाव से पहले माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की बिहार प्रगति यात्रा शुरू हो गयी है, पहले से उनके द्वारा किए गए कई कार्य असफल है, आपको विदित हो कि बिहार प्रगति यात्रा के अंतर्गत पूर्वी चंपारण, केसरिया में माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन की चर्चा कई महीनों से चल रही थी, महीनों पहले से जिला प्रशासन का दौरा शुरू था ₹ वोट के लिए जुगाड़ है,प्रगति यात्रा गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता की गाड़ी कमाई का करोड़ों रुपए खर्च हो रहा है, आप जानते हैं की उम्र एवं बीमारी के कारण नीतीश जी का शरीर एवं दिमाग काम नहीं कर रहा है सारे कार्य पदाधिकारी कर रहे हैं लेकिन माननीय मंत्री विजय कुमार चौधरी जी ₹बशाहा बैल की तरह₹ पूरे बिहार में घुमा रहे हैं ना तो मीडिया



ना ही जनता के द्वारा सवाल पूछने दिया जा रहा है, केवल इनको दिखाकर वोट विटोर कर अगले 2025 वाले चुनाव को जीतकर महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश की तरह पिछले दरवाजे से बिहार में भी भाजपा को स्थापित करना इन पदाधिकारियों का उद्देश्य है, बिहार में अफसर शाही एवं घूसखोरी चरम सीमा पर है।किसी भी पंचायत जनप्रतिनिधि यहां तक की विधायक, सांसद एवं मंत्री की भी बात पदाधिकारी नहीं मानते हैं, यही कारण है कि पदाधिकारी मनमाने ढंग से घूसखोरी बढाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं, लेकिन यह बिहार की जनता है, सब जानती है अब बिहारी ना तो बाबा साहब को अपमानित होने देंगे ना ही बिहार में नीतीश के बहाने भाजपा को स्थापित कराकर मनुस्मृति का राज कायम होने देंगे। अब बिहार की जनता पलटू चाचा के धोखे में नहीं आने वाली हैं। इसकी जानकारी राम अधार राय जिला प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी)। सह– पूर्व विधायक प्रत्याशी, 15 केसरिया, ने दीं हैं।

## डॉ अभिषेक मिश्रा को बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

**बगहा ।** एक प्रखंड स्थित पतिलार पंचायत के डॉक्टर अभिषेक मिश्रा को बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया जनता दल यूनाइटेड किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने डॉ अभिषेक मिश्रा को प्रदेश महासचिव मनोनीत करते हुए कहा कि पूर्व से पार्टी के प्रति निष्ठा एवं संगठन को मजबूत करने संबंधी कार्य और सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्यों के प्रति हमेशा अग्रणी भूमिका में रहते है साथ ही पार्टी को नया आयाम देने में इनकी भागीदारी सराहनीय रही है जिसको देखते हुए इनका मनोनयन किया गया है ' वही



डॉक्टर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा किसान हित के लिए अनेक निर्णय को लागू कर हर संभव सहायता देने का काम किया गया है बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है यहां की अधिकांश आबादी किसी कार्यों से ही अपनी आजीविका चलाती है ' हमारे मुख्यमंत्री महोदय द्वारा समय–समय पर किसानों को लाभान्वित करने वाली अनेक योजनाओं को चलाया गया है ' पार्टी ने मुझ पर विश्वास करते हुए जो नई जिम्मेवारी दी है उसको पूरे निष्ठा से निभाऊंगा और किसान हित में जो भी आवश्यक कार्य होंगे उसको पूर्ण करवाने की पूरी कोशिश करूंगा

## मोतिहारीः वोट बैंक का जुगाड है प्रगति यात्रा; राम अधार राय

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**मोतिहारी ।** चुनाव से पहले माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की बिहार प्रगति यात्रा शुरू हो गयी है, पहले से उनके द्वारा किए गए कई कार्य असफल है, आपको विदित हो कि बिहार प्रगति यात्रा के अंतर्गत पूर्वी चंपारण, केसरिया में माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन की चर्चा कई महीनों से चल रही थी, महीनों पहले से जिला प्रशासन का दौरा शुरू था ₹ वोट के लिए जुगाड़ है,प्रगति यात्रा गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता की गाड़ी कमाई का करोड़ों रुपए खर्च हो रहा है, आप जानते हैं की उम्र एवं बीमारी के कारण नीतीश जी का शरीर एवं दिमाग काम नहीं कर रहा है सारे कार्य पदाधिकारी कर रहे हैं लेकिन माननीय मंत्री विजय कुमार चौधरी जी ₹बशाहा बैल की तरह₹ पूरे बिहार में



घुमा रहे हैं ना तो मीडिया ना ही जनता के द्वारा सवाल पूछने दिया जा रहा है, केवल इनको दिखाकर वोट विटोर कर अगले 2025 वाले चुनाव को जीतकर महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश की तरह पिछले दरवाजे से बिहार में भी भाजपा को स्थापित करना इन पदाधिकारियों का उद्देश्य है, बिहार में अफसर शाही एवं घूसखोरी चरम सीमा पर है।किसी भी पंचायत जनप्रतिनिधि यहां तक की विधायक, सांसद एवं मंत्री की भी बात पदाधिकारी नहीं मानते हैं, यही कारण है कि पदाधिकारी मनमाने ढंग से घूसखोरी बढाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं, लेकिन यह बिहार की जनता है, सब जानती है अब बिहारी ना तो बाबा साहब को अपमानित होने देंगे ना ही बिहार में नीतीश के बहाने भाजपा को स्थापित कराकर मनुस्मृति का राज कायम होने देंगे। अब बिहार की जनता पलटू चाचा के धोखे में नहीं आने वाली हैं। इसकी जानकारी राम अधार राय जिला प्रवक्ता, आम आदमी पार्टी, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी)। सह– पूर्व विधायक प्रत्याशी, 15 केसरिया, ने दीं हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जेठा टुडू कि निर्मम हत्या के बाद राजद जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से कि मुलाकात



लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता।प्रखंड क्षेत्र में बीते दिनों बसनही थाना क्षेत्र के इजमाइल संथाली टोला निवासी जेठा टुडू कि निर्मम हत्या के बाद बुधवार को राजद कार्यकर्ताओं ने संथाली टोला पहुंच कर पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते हुए सांत्वना दिया। पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान राजद जिलाध्यक्ष मो ताहिर ने कहा कि इस तरह निर्मम हत्या से साफ साबित होता है कि जेठा टुडू की हत्या किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं किया गया है।इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता है इसलिए पुलिस प्रशासन पूरे घटना की जांच समुचित तरीका से करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।साथ ही अध्यक्ष ने पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा देने व परिवारिक लाभ देने की मांग स्थानीय प्रशासन से किया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना, प्रमुख प्रतिनिधि वीरेन्द्र शेखर, पंसस अनिरुद्ध यादव, शयामल झा, जिला महासचिव टुनटुन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आमने-सामने दो मोटरसाइकिल में हुई जोरदार टक्कर, घटना स्थल पर ही एक महिला की हुई मौत

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा सोनवर्षा राज। बसनही थाना क्षेत्र के अतलखा -बडगांव मुख्य मार्ग पर बजरंगबली मंदिर के समीप दो मोटरसाइकिल के आपसी टक्कर में एक महिला की हुई घटनास्थल पर ही मौत एक जख्मी।वहीं मृतक महिला के पति सहित पुत्री गंभीर रूप से जख्मी हो गया।आनन फानन में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जख्मी मोटरसाइकिल चालक सहित उसकी पुत्री निशा कुमारी को जख्मी अवस्था में स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया।जहाँ स्थिति गंभीर देखकर बसनही पुलिस के द्वारा समुचित इलाज के लिए सहरसा रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार सौरबाजार थाना क्षेत्र के ठाडी पस्तपार गांव निवासी 32 वर्षीय शिवनाथ पासवान अपने मोटरसाइकिल से अपने पत्नी रूबी देवी और पुत्री निशा कुमारी को लेकर अपने ससुराल बडगांव जा रहा था कि अचानक बजरंगबली मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बडगांव के ही एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक अनियंत्रित मोटरसाइकिल में टक्कर मारी दिया ।जिससे गिरने से महिला रूबी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।जबकि चालक शिवनाथ पासवान व पुत्री निशा कुमारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जबकि दोनों युवक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। वहीं भागने वाले युवक भी जख्मी होने की सूचना मिली है।जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर गांव में ही किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बसनही पुलिस ने मामला की छानबीन में जुट गई है। वहीं मृतक महिला के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज की तैयारी में पुलिस जुट गई है।

### राम जानकी क्रिकेट टूर्नामेंट का राजद नेता राकेश विश्वास ने किया फीता काटकर उद्घाटन



लोक तंत्र की आवाज

कुर्साकांटा। मेघा स्थित आनंद स्टेडियम में रविवार को राम जानकी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इस मौके पर प्रमुख राजद नेता धर्मानंद विश्वास उर्फ राकेश विश्वास ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय नेता और समाजसेवी रघुवीर सिंह, सुबोध सिंह, वासुदेव सिंह, बौद्ध नारायण यादव, किशन लाल यादव, सियाराम यादव, पूर्व सरपंच राजदेव सिंह, चितरंजन सिंह, और युवा कमेटी के सदस्य अमित विश्वास, सुनील सिंह, अनिल सिंह, अजय सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। उद्घाटन के अवसर पर कुंवारी टीम और सतवेर टीम के बीच मैच खेला गया, जो दर्शकों के बीच उत्साह का कारण बना। इस टूर्नामेंट के आयोजन से ग्रामीणों में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा और समुदाय के बीच सहयोग और एकता का संदेश दिया गया। राजद नेता राकेश विश्वास ने कहा, ₹हमारे क्षेत्र में खेलों का अहम योगदान है और इस टूर्नामेंट के आयोजन से स्थानीय युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मौका मिलेगा। मुझे खुशी है कि इस आयोजन से हमारे समुदाय में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। मैं सभी टीमों को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि यह टूर्नामेंट युवाओं के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा।

# फरीदगंज सरबेला मे दो दिवसीय सालाना उर्से फरीदी शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न





लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा ।** अनुमंडल क्षेत्र के बनमा इटहरी प्रखंड क्षेत्र के खानका कादरिया फ़रीदिया फरीदगंज सरबेला मे उर्से फरीदी सैखुल अश्र कुतबे सहरसा हजरत मौलाना जाफर अली फरीदी फारुकी अलैहे रहमा का दो दिवसीय 67वां सालाना उर्स धूमधाम से मनाया मनाया।बुधवार की संध्या कार्यक्रम के पहले दिन एक दिवसीय जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया और गुरुवार की सुबह नेपाल, बंगाल, झारखण्ड, और बिहार के अन्य जिलों से आए श्रद्धांलु और स्थानीय लोगों के द्वारा सैखुल अश्र कुतबे सहरसा हजरत मौलाना जाफर अली फरीदी फारुकी अलैहे रहमा की मजार पर चादर और गुलपोशी की गई और देश मे अमन शांति बनी रहे इसके लिए दुआ मांगी गई।

अनुमंडल क्षेत्र सहित बिहार के अन्य जिलों के लोगों को प्रत्येक वर्ष के 25 और 26 दिसंबर का बेसबरी से इंतजार रहता है।गुरुवार की सुबह फतेहा खानी के बाद दो दिवसीय उर्से मुकद्दस कार्यक्रम संपन्न हो गया।वहीं इस कार्यक्रम मे देश के मशहूर शायर मेहबूब जफ़र दहलवी,शाहिद रजा उड़ीसा, शौकीन फरीदी,और हिंदुस्तान के जाने-माने इस्लाम धर्म के लीडर मुफ़्ती मो0 हम्माद रजा साहब क़िबला मुरादाबादी मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत किए।देश के मशहूर शायर मेहबूब जफ़र दहलवी ,शाहिद रजा उड़ीसा,शौकीन फरीदी ने अपने नातिया कलाम से उर्से फरीदी की महफिल को गुलजार कर दिया।इसके बाद इस्लाम धर्म के लीडर मुफ़्ती मो0 हम्माद रजा साहब क़िबला मुरादाबादी ने अपने तकरीर-ए-ब्याँ मे सैखुल अश्र कुतबे सहरसा हजरत मौलाना जाफर अली फरीदी फारुकी अलैहे रहमा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों को बुराइयों से बचने के लिए नसीहत दी। वही मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा अपने बच्चों को हर हाल मे शिक्षा से जोड़िये नेक और बेहतर समाज के निर्माण के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरी है।आगे अपने बयान मे उन्होंने कहा पड़ोसियों को सताए नही कमजोर लोगों पर जुल्म ज्यादती न करे ऐसी हरकत करने वालों लोगों पर जब खुदा की कहर टूटती है तो वह ना घर के रहते हैं ना घाट के इसलिए हर इंसान को अपने अंदर इंसानियत जिंदा रखना चाहिए।यही इस्लाम का पैगाम है।इस दौरान मौलाना सिबतैन फरीदी,शब्बर फरीदी,फ़िदाए रसूल फरीदी,हममार अहमद कादरी, अशमर फरीदी,अहमर फरीदी, राजू आलम आदि मौजूद थे।

## पीसीसी सड़क बनने से लोगों ने सरकार और जिला प्रशासन का जताया आभार



लोकतंत्र की आवाज

**बनमा इटहरी सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सरबेला पंचायत के हाजी मंजूरबाग चौक फरीदगंज से आरसीसी पुल के समीप तक सस्टम राज्य वित्त आयोग योजना अंतर्गत तक़रीबन 10 लाख से अधिक की लागत से पीसीसी सड़क और नाला। का निर्माण कराया गया है। सरबेला पंचायत के जेई दिवाकर कुमार ने निर्माण स्थल पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लिया उन्होंने बताया की गुणवत्ता पूर्ण पीसीसी सड़क और नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा ग्रामीणों की कोई शिकायत न रहे इसका विशेष ध्यान रखकर विभागीय आदेश के आलोक मे निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

वहीं इस पीसीसी सड़क की निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्र मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना साकार होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र में भी पक्की सड़कों का जाल बिछाया जाएगा और गांव का सीधा संपर्क प्रखंड मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। इसी अभियान के तहत सरबेला पंचायत के वार्ड न0-13 और 09 को जोड़ने वाली सड़क पर पीसीसी सड़क और नाला का निर्माण कराया गया है। बरसात के दिनों मे इस होकर आवाजाही करने वाले लोगों को अक्सर किचड़मय सड़क की समस्या जूझना पड़ता था जिससे अब हजारों लोगों को राहत मिलेगी और आवागमन में भी उन्हें बेहद सहूलत होगी। सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों मे हर्ष का माहौल है। जनार्दन पंडित, मालेसर पंडित, जमशेद आलम, नदीम आलम, मो मुख्तार आलम, ईनाम उद्दीन, शमशाद आलम, गुलाम जिलानी, मजहर आलम, मो शालिम उक्त ग्रामीणों ने बिहार सरकार और जिला प्रसाशन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सीओ ने सलखुआ अंचल के राजस्व कर्मचारी पर सनहा दर्ज कराई

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा।** सलखुआ अंचल के राजस्व कर्मचारी रामपुकार सिंह यादव ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहरसा, डीएसपी सिमरी बख्तियारपुर, थाना अध्यक्ष सलखुआ को लिखित आवेदन पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि मैं राजस्व कर्मचारी अंचल कार्यालय सलखुआ में पदस्थापित हूं। मैं 24 दिसंबर 2024 को सेवा निवृत्त हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि सलखुआ सीओ से व्यक्तिगत रूप से अंचल कार्यालय वेष्म में कई बार मिलकर संविदा हेतु अनुरोध किये कि मेरी पुत्री शादी करनी है। एवं मेरी आर्थिक हालत दयनीय है। मेरे संविदा आवेदन पत्र पर अनुसंशा किया जाय।

इसके लिए अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक सलखुआ को संविदा हेतु आवेदन पत्र 4.11.2024 को दिया गया। लेकिन आज तक मेरे संविदा आवेदन पत्र पर सीओ सलखुआ द्वारा अनुसंशा नहीं कर मेरे विरूद्ध एवं मेरे पुत्र मुरारी कुमार, भाई राजीव रंजन शिक्षक पर साजिश एवं षडयंत्र के तहत झूठा एवं मनगढ़ंत आरोप लगाकर स्वयं एवं अन्य कर्मी के द्वारा सलखुआ थाना में सनहा नं 399 जो कि 16.12.24 को एवं सनहा नं 510 जो कि 21.12.24 को दर्ज करवाकर मुझे एवं परिवार को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक क्षति पहुंचाने का साजिश एवं षडयंत्र रचा जा रहा है। मेरे उपर धमकीं देने का सरासर झूठा एवं मनगढ़ंत आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी कर्मी अपने पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी को धमकी दे ये तथ्य किसी दृष्टिकोण से सत्य प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने दिये गये सनहा की जांच करने की मांग करते हुए कहा कि जो भी दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

# अभाविप के 66वें प्रांत अधिवेशन का पोस्टर विमोचन

लोक तंत्र की आवाज



**मधेपुरा।** आगामी 29 से 31 दिसंबर, 2024 तक पूर्णिया में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उत्तर बिहार के 66वें प्रांत अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के खुले मंच पर बड़े धूमधाम से किया गया। यह अवसर विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक ऐतिहासिक पल बन गया, जिसमें समाज और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को साझा किया गया।

**प्रमुख वक्ताओं की उपस्थिति और संबोधन :** कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए परिषद के विश्वविद्यालय प्रमुख एवं इतिहास और संस्कृति विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने कहा कि इस अधिवेशन में उत्तर बिहार के 36 सांगठनिक जिलों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक भाग लेंगे। उन्होंने इसे ₹लघु बिहार₹ की तरह वर्णित करते हुए कहा कि यह अधिवेशन न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगा।

**कार्यक्रम का संचालन और संगठन की भूमिका:** कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। उन्होंने एबीवीपी की सक्रियता और राष्ट्रप्रेम के प्रचार-प्रसार में उसकी भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि हर वर्ष आयोजित होने वाला यह अधिवेशन विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने का मंच प्रदान करता है। इस दौरान विभिन्न शैक्षिक और सामाजिक मुद्दों पर प्रस्तावों पर चर्चा और पारित किए जाते हैं, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में योगदान करते हैं।

**मधेपुरा की विशेष भागीदारी:** सीनेटर डॉ. रंजन यादव ने अधिवेशन में मधेपुरा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस बार लगभग पचास प्रतिनिधि मधेपुरा से भाग लेंगे, जो इस क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। इस आयोजन में मधेपुरा के युवा और शिक्षक इस बड़े आयोजन का हिस्सा बनकर अपने विचार और योगदान साझा करेंगे।

**अन्य प्रमुख व्यक्ति की उपस्थिति:** इस विशेष अवसर पर विभाग संयोजक सौरभ यादव, जिला प्रमुख डॉ. दिलीप कुमार दिल, जिला संयोजक नवनीत यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आमोद आनंद, नीतीश यादव, मनीष यादव, समीक्षा यदुवंशी, नगर मंत्री अंकित आनंद, बालकृष्ण कुमार, सत्यम कुमार, अंशु कुमार, रवि रंजन कुमार, और शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान सहित अन्य प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक अवसर है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, युवा नेतृत्व, और राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों को समझने का महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा। एबीवीपी द्वारा इस अधिवेशन के माध्यम से युवा शक्ति का उत्सव मनाने का उद्देश्य है, जो समाज और राष्ट्र की दिशा में सकारात्मक बदलाव ला सके।

# डीएस हाइवे सर्विस सीएनजी स्टेशन का मंत्री नीरज बबलू ने किया फीता काटकर उद्घाटन

- भाजपा नेता नागेश्वर यादव ने मंत्री जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर क्षेत्र तथा पार्टी की गतिविधियों से कराया अवगत



लोक तंत्र की आवाज

**फारबिसगंज।** बिहार सरकार के पीएचडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने डी एस हाइवे सर्विस पेट्रोल पंप पर सीएनजी स्टेशन का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद वीणा देवी, नरपतगंज विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और आस्था हॉस्पिटल, बथनाहा के ऑनर नागेश्वर यादव, उप मुख्य पार्षद नूतन भारती, सीनियर मैनेजर सीएनजी, पूर्णिया संदीप कुमार जायसवाल, प्रोप्राइटर सत्येंद्र कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह सहित कई स्थानीय भाजपा नेता उपस्थित थे।

**मंत्री नीरज बबलू का स्वागत :** इस मौके पर जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष नागेश्वर यादव ने मंत्री नीरज बबलू को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया और क्षेत्र तथा पार्टी की गतिविधियों के बारे में उन्हें अवगत कराया। मंत्री जी ने सीएनजी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चालकों को इसके उपयोग के फायदे समझाए और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**सीएनजी के लाभ और पर्यावरणीय महत्व :** मंत्री नीरज बबलू ने कहा कि सीएनजी ईंधन पर्यावरण के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि यह प्रदूषण को कम करता है और वाहन चालकों को सस्ती दरों पर ईंधन उपलब्ध कराता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सीएनजी स्टेशन के उद्घाटन से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे और क्षेत्र के विकास में योगदान होगा। यह उद्घाटन समारोह स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे क्षेत्र में सीएनजी उपयोग की दिशा में जागरूकता बढ़ेगी और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सकारात्मक बदलाव आएगा।

## बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पर सांसद भवन में गृहमंत्री अमित शाह ने अभद्र टिप्पणी किया, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया

लोकतंत्र की आवाज



**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा ।** सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद के रेलवे स्टेशन के समीप कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन चौक से जुलूस प्रदर्शन निकाल कर शर्मा चौक के निकट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेशन चौक से निकलकर मुख्य बाजार, शर्मा चौक तक अमित शाह के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए शर्मा चौक तक पहुंचा था। जिसका नेतृत्व पूर्व जिला युवा अध्यक्ष मजनूं हैदर अली कैस ने करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर संसद भवन में अमित शाह के किए अमर्यादित टिप्पणी का हमसभी विरोध कर रहे है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए आपत्तिजनक बातें संसद भवन में कहना अमित शाह के दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर हमारे आदर्श हैं। देश की आजादी एवं नवनिर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों का अपमान करके भाजपा एवं अमित शाह ने अपनी मानसिकता दिखा दी है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य बाजार स्थित कांग्रेस कार्यालय श्री कृष्ण सेवा सदन में पहुंच कर महात्मा गांधी की शताब्दी समारोह समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यकताओं ने कहा कि महात्मा गांधी आज से 100 वर्ष पूर्व कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया था। आज इसके सौ वर्ष हो गए हैं। इसको लेकर पूरे देश में कांग्रेस पार्टी पखवाड़ा शताब्दी दिवस आयोजित कर रही है।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब लगातार पंचायत, गांव, मोहल्ला, टोलों में प्रदर्शन कर भाजपा सरकार की जनता विरोधी एवं जातीय उन्माद फैलाने वाली पार्टी है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अंजुम, युवा कांग्रेस के महासचिव रामशरण कुमार, नगर अध्यक्ष अख्तर सिद्दीकी, अब्दुल बासित, प्रेमलाल सदा, रामकुमार पासवान, सत्यनारायण चौपाल, भारत झा सहित अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में राष्ट्रीय एकता समागम में भाग लेने वाले छात्र गौरव लकी को किया सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अररिया में आज प्रातः सभा के दौरान, हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय एकता समागम में भाग लेने वाले सातवीं कक्षा के छात्र गौरव लकी को विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा और वरिष्ठ शिक्षक मो. अबू तालिब के करकमलों द्वारा प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरव लकी, जो इस कार्यक्रम में अपने शिक्षक राजेश कुमार के साथ शामिल हुए थे, को उनके अद्वितीय योगदान और उपलब्धियों के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में कला शिक्षक और मूर्तिकार राजेश कुमार ने विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने के शिक्षक के दायित्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, शिक्षक का यह कर्तव्य है कि वह बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने गौरव की सफलता को केवल उसका व्यक्तिगत प्रयास नहीं बल्कि गुरु-शिष्य संबंध और सही मार्गदर्शन का परिणाम भी बताया। इसके साथ ही, राजेश कुमार को आठ अन्य विद्यालयों के 58 बच्चों और पांच शिक्षकों के दल का नेतृत्व करने का जिम्मा सौंपा गया था।

**राष्ट्रीय एकता समागम में गौरव लकी की उपलब्धि:** राष्ट्रीय एकता समागम के समापन समारोह का आयोजन हैदराबाद के कान्हा शांति वनम् आडिटोरियम में हुआ, जहां नवोदय विद्यालय समिति के ज्वाइंट कमिश्नर ज्ञानेंद्र कुमार ने सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र कुमार ने नई शिक्षा नीति 2020 का हवाला देते हुए कला, संगीत और अन्य विषयों के आपसी संबंधों को शिक्षा में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रतिभागियों की सराहना की और उनके प्रयासों को उजागर किया। विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा, ₹छात्र जीवन में हर छोटी सफलता, हमें जीवन के बड़े लक्ष्यों तक पहुंचने का मार्ग दिखाती है। उन्होंने गौरव लकी की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

# वीर बाल दिवस पर वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि

लोक तंत्र की आवाज




**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों और शोधार्थियों ने सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद किया।

**वीर बालकों का साहस अविस्मरणीय :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएनएमयू के इतिहास और संस्कृति विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ललन प्रसाद अद्री ने वीर साहिबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, ₹यह दिन बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन दोनों वीरों ने अपनी छोटी उम्र में ही धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इनका साहस और बलिदान अविस्मरणीय है, क्योंकि इन्होंने अत्याचारियों के सामने झुकने से इनकार किया और पूरे साहस के साथ संघर्ष किया।

**वीर बालकों ने डटकर मुकाबला किया:** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे झ अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह। इन चारों ने मुगल सेना के अत्याचारों का डटकर मुकाबला किया। हालांकि, दुर्भाग्यवश मुगलों ने इन चारों वीर बालकों की हत्या की, लेकिन उनके साहस और बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2022 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन वीर बालकों की शहादत को सम्मानित करने के लिए वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत की है। इस दिन को पूरे देश में शैक्षिक संस्थानों में मनाया जाता है।

**गोविंद सिंह और उनके परिवार का बलिदान अविस्मरणीय:** कार्यक्रम के संचालन में दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा, ₹गुरु गोविंद सिंह और उनके परिवार का शौर्य और बलिदान अविस्मरणीय है। उनके अद्वितीय योगदान को सम्मानित किया जाता है, और यह दिन युवाओं को उनके साहस और वीरता से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में सुमित कुमार, राजनंदन कुमार, केशव कुमार, रुदल कुमार, सत्यम कुमार, नीरज कुमार, नितीश कुमार, अरुण, रंजन कुमार, गौरव सिंह, सुभाष कुमार, पुरंदर यादव, राजीव कुमार, दिलखुश कुमार, राहुल कुमार, अंकेश कुमार, संजीत कुमार, हिमांशु कुमार, धनंजय कुमार, सुनील कुमार और शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस और वन विभाग ने दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट



लोकतंत्र की आवाज
श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ
चतरा। हंटरगंज पुलिस और वन विभाग नशा के कारोबारियों के खिलाफ लगातार पोस्ता विनष्टीकरण अभियान चला रही है। इसी कड़ी में चतरा उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देशानुसार गुरुवार लगभग 4 बजे हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में वशिष्ठ नगर जोरी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से के जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजुआ गांव में करीब 2 एकड़ आरक्षित वन भूमि में लगी अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया गया। इस अभियान में वन कर्मी विवेक कुमार, कपिलदेव कुमार मेहता, समेत होमगार्ड के जवान और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी के बेटे को अपने घर की जमीन बचाने में हो रही परेशानी



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में पैसे और जमीन के लिए जब भाई भतीजा ही अपनी मर्यादाओं को तार तारकर आपस में लड़ रहे हैं, तो वैसे लोगों को कौन पूछे जो अपने जमीन पर कब्जे की लड़ाई लड़ रहे हैं। जमीन के लिए तो सच, झूठ पैसा का सारा खेल चल रहा है। जिसमें किसी की सच्चाई, मजबूरी, त्याग का कोई मतलब ही नहीं रह गया है। ऐसा ही एक विष्णुगढ़ पंचायत का मामला है, जहां एक स्वतंत्रता सेनानी के बेटे को प्रखंड के पुराने पंचायत भवन के समीप मौजूद अपनी 7 डिसमिल जमीन बचाने में मुश्किल हो रहा है। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय भुनेश्वर दत्त शर्मा व्याकुल को आजादी के लड़ाई में 5 साल की सजा, मां को खादी पहनने के 6 मास की सजा पाई थी। मिथिलेश शर्मा का मकान ईट का दीवार चारो तरफ से घेरा हुआ है, पड़ोसी वह दीवार को बार–बार तोड़ देने की धमकी दे रहा है। एक स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र को सरकारी मदद की आवश्यकता है। जबकि यह मकान का दीवार सन 1952 वर्षों पूर्व से बना हुआ है, पड़ोसी द्वारा जबरन कब्जा करने की कोशिश किया जा रहा है। इस बाबत पड़ोसी मनीष स्वर्णकार से पूछे जाने पर बताया कि पूर्व से बना हुआ घर और दीवार मेरा है, अगर दीवार उनका है, तो मेरा घर का दीवार कहा है इसकी जांच होनी चाहिए।

# माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग दीपिका पांडे सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** नया परिसदन भवन में माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग, श्रीमती दीपिका पांडे सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डीपीएम, जे०एस०एल०पी०एस०, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सभी प्रखण्ड समन्वयक, आवास योजना, गिरिडीह जिला समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

माननीय मंत्री महोदया ने ग्रामीण विकास विभाग व पंचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने उप विकास आयुक्त से बारी–बारी से सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास योजना तथा झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समेत कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ ग्रामीण विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के तहत संचालित योजनाओं का लाभ स–समय लाभुकों मिलें, यह करें सुनिश्चित। इसके अलावा दिनांक 28 तारीख को माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में लाभुकों की संख्या को लेकर सभी संबंधित प्रखंड को जरूरी निर्देश दिए गये। साथ ही मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

## झारखंड की निर्भया का शव लाया गया पलामू, सरकार के मंत्री और अधिकारी रहे मौजूद, गुजरात में हुई थी दरिंदगी

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** झारखंड की निर्भया का शव बुधवार की देर शाम पलामू के पांकी पहुंचा. पलामू के पांकी की रहने वाली 10 वर्षीय नाबालिग का 16 दिसंबर को गुजरात के भरूच में दुष्कर्म हुआ था. जिसके बाद 23 दिसंबर को इलाज के क्रम में पीड़िता की मौत हो गई.

इस मामले में आरोपी विजय पलामू के विश्रामपुर का रहने वाला है. आरोपी ने दिल्ली की निर्भया की तरह की इस 10 वर्षीय बच्ची के साथ बर्बरता की थी. बाद में गुजरात पुलिस ने आरोपी विजय को गिरफ्तार कर लिया. बुधवार की देर शाम पीड़िता का शव पलामू के पांकी पहुंचा. यहां झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण स्थानीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, पलामू डीसी डीसी शशिरंजन पहले से ही मौजूद थे इन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और परिवार के हालात के बारे में जायजा लिया है. मंत्री विधायक और अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़िता का अंतिम संस्कार किया गया.

पीड़िता के गांव वालों ने अंतिम संस्कार की इच्छा जाहिर की थी जिसके बाद झारखंड सरकार ने पहल करते हुए शव को गांव में लाया था. घटना की जानकारी मिलने के बाद झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गुजरात के भरूच गई थीं और पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी. झारखंड सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए की सहायता राशि भी दी गई है.

**बोले डीसी:** पीड़िता परिवार को पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है. प्रशासन ऐसी योजना तैयार कर रही है ताकि लोगों को पलायन न करना पड़े. पीड़ित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई है. प्रशासन अन्य स्तर पर भी पहल कर रही है.– शशिरंजन , डीसी पलामू

**आरोपी और पीड़ित के पिता एक साथ करते थे मजदूरी :** पुलिस के अनुसार, पीड़ित 16 दिसंबर को अपने घर के बाहर खेल रही थी. इसी क्रम में आरोपी विजय उसे बहला फुसलाकर सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया. पीड़िता की मां घर वापस लौटी तो देखा बेटी घर में नहीं है. जब उसकी तलाश की गई तो उन्होंने देखा कि घर से कुछ दूरी पर मौजूद झाड़ियों के बीच उनकी बेटी जख्मी हालत में बेहोश पड़ी हुई है. आरोपी विजय और पीड़ित का परिवार गुजरात के भरूच में पिछले 10 वर्षों से एक जगह पर रह रहे थे. एक वर्ष पहले पीड़िता अपने मां के साथ गुजरात के भरूच गई थी. वहां पीड़िता की मां भी मजदूरी कर थी.

## गिरिडीह प्रखंड बिरनी में जीपीएफटी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




लोकतंत्र की आवाज

**अनिल कुमार ( संवाददाता)**
**बिरनी, गिरिडीह।** गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड में जीपीएफटी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज प्रथम दिन था ।आज के प्रशिक्षण के दौरान कुछ विषयों पर जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा स साझा की गई जिसमें यह बताया गया कि हम सबों को बिना किसी बाधा के आगे कैसे बढ़ते रहना संभव हो सकता है। दूसरी बात है विभिन्न लाभार्थियों की सूची पर चर्चा हुई की लाभ प्राप्त करने वाले कौन कैसे एवं किस कैटेगरी से आते हैं तथा तीसरा की पंचायत स्तर पर गठित विभिन्न समितियां की पहचान तथा जरूरत पर चर्चा आदि की गई इस कार्यक्रम में तटस्थ भूमिका पेशन पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा जी निभा रहीं थी।

# एक दशक बाद 11 सड़कों के निर्माण कार्य पर लगी रोक हटी, अब इलाके में विकास को मिलेगी रफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** करीब एक दशक से नक्सल प्रभावित इलाके के 11 सड़कों के निर्माण कार्य पर लगी रोक को हटा लिया गया है. 2013–14 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पलामू में 17 सड़कों के निर्माण कार्य में घोटाला की बात सामने आई थी. जिसके बाद ये रोक लगाई गई थी,

घोटाले की बात सामने आने के बाद पूरे मामले में ग्रामीण विकास विभाग के तरफ से एफआईआर करवायी गयी थी. बाद में सरकार ने इस घोटाले की जांच एसीबी से करवाने का निर्णय लिया. सभी रोड घोटाले की जांच एसीबी की टीम कर रही थी. एसीबी जांच के कारण रोड का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा था. जिस कारण 150 गांव के हजारों की आबादी प्रभावित हो रही थी. लोकसभा चुनाव के दौरान भी ग्रामीणों ने रोड निर्माण को लेकर हंगामा किया. इसके अलावा पूरे मामले में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने भी मुख्य सचिव को पत्र लिखा और एसीबी को रोड निर्माण के लिए एनओसी देने को कहा. जिसके बाद झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पूरे मामले में पहल की है. मंत्री की पहल के बाद 11 सड़कों के निर्माण के लिए एनओसी जारी किया गया है.

**बोले संसदीय कार्य मंत्री:** वर्षो से लंबित सड़क निर्माण कार्य पर लगी रोक को हटाई गई है. हेमंत सोरेन सरकार विकास को लेकर कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है. सभी सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा. – राधाकृष्ण किशोर, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री

**कौन कौन सी सड़को पर हो रही थी जांच और होगा पुनर्निर्माण :** पाटन के कांके से सुठा रोड, ब्रहमोरिया से नावाडीह रोड, बिटी रोड से कवल, छतरपुर के टीओपी, पाटन–पड़वा रोड, मायापुर–नावाडीह रोड, बिरजा से जमडीहा, गोदरमा से नावगढ़, रामगढ़ से दिनाबार, बरांव से ओड़नार, बिटी रोड गम्हरिया शामिल है. सभी रोड के निर्माण कार्य में 2014 में लागत से अधिक भुगतान किया गया था. जिसके बाद मामले में कार्रवाई शुरू हुई थी.

# गिरिडीह, अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो– चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड ।** बरनवाल सेवा समिति गिरिडीह की ओर से गुरुवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह धूमधाम से मनाई गई। समारोह का उद्घाटन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल बरनवाल, महामंत्री इंद्रजीत लाल, लौह व्यवसायी जयप्रकाश लाल, डॉ विकास लाल, डॉ विशाल लाल ने महाराजा अहिबरन की आदमकद प्रतिमा की समझ दीप जलाकर माल्यार्पण किया।

इस दौरान शोभा यात्रा निकल गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बरनवाल सेवा सदन में संपन्न हुई ।बच्चे बड़े बुजुर्ग महिला सभी हाथ में जयकारों से नगर गूंज उठा कर मजबूर कर दिया एवं चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मंच संचालन समिति सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल ने किया।लखन लाल बरनवाल ने कहा कि सभागार में उपस्थित जनसमूह बरनवाल समाज की एकता का परिचायक है। आवश्यकता है समाज को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनने का।आने वाले दिनों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और कन्या विवाह हेतु सहयोग के लिए एक समिति बनाई जाएगी।

इंद्रजीत लाल ने कहा हमें कुरीति को छोड़कर अच्छी नीति को अपनाना होगा, तभी अच्छे समाज का निर्माण होगा। जयप्रकाश लाल ने कहा संगठन में ही हमारी शक्ति है।हम सब मिलकर एक रहे और समाज के उत्थान में सहयोग करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुबोध कुमार बरनवाल, संजय कुमार बरनवाल, राकेश रंजन, विनोद कुमार बरनवाल, प्रदीप बरनवाल, अभिलाष आनंद, आयुष राज, शंकर बरनवाल, ललिता बरनवाल, सरिता बरनवाल, सीमा बरनवाल का सराहनीय योगदान रहा।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को मिली कानून की जानकारी

**लोकतंत्र की आवाज**
**श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ**
**चतरा।** विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को लगभग 2 बजे हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के जोरीकला पंचायत अंतर्गत बीच बाजार मोहल्ला जोरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डालसा सचिव के मार्गदर्शन में पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने घर–घर जाकर लोगों को कानून की बुनियादी जानकारी दी। विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। तथा नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विधित सेवाएं, मोटर दुर्घटना, साइबर फ्रॉड, से बचने के उपाय, बालकों के अधिकार, बाल श्रम, एवं बाहर कमाने जाने पर श्रम विभाग में निबंधन करा कर जाने के बारे में जागरूक किया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुवे हेल्पलाइन नंबर 151000 के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर अवध केशरी, महेन्द्र राम, रंजीत गुप्ता, सुधीर गुप्ता, दीपक कुमार, सुधीर केशरी, आदि दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# वीर बाल दिवस सांसद प्रतिनिधि के आवासीय कार्यालय में संपन्न

लोकतंत्र की आवाज




**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर एवं जिला प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस के निमित्त संगोष्ठी कार्यक्रम माननीय सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव जी के आवासीय कार्यालय में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री राज सिंन्हा जी उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे जी एवं संचालन संदीप डगाईच के द्वारा किया गया, वीर बाल दिवस 2022 में माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया एवं राष्ट्रीय पर्व की तरह मानने की अपील की गई,

मुख्य अतिथि श्री राज जी के द्वारा वीर बाल दिवस पर अपनी बातों को बहुत ही भावुकता के साथ रखी, जिसमें उन्होंने चार साहबजादे के देश के लिए बलिदान होना एवं छोटी सी आयु में क्योंकि 5 वर्ष 7 वर्ष 9 वर्ष एवं 12 वर्ष की अवस्था में अपने आप को भारत देश के लिए निछावर कर दिया ऐसे महान सपूतों को हमारा शत–शत नमन जिसमें पहले शहजादे भाई अजीत सिंह भाई जोरावर सिंह भाई फतेह सिंह एवं भाई जुझार सिंह ने हंसते–हंसते देश के लिए कुर्बान हो गए, ऐसे महान सपूतों की वीरगति को जन–जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कटिबद्ध है, महादेव दुबे जी के द्वारा भी अपनी बातों को संक्षिप्त में रखने का काम किया जिसमें उन्होंने कहा की वीर सपूतों के उन पिता और माता को में अपनी ओर से शत–शत नमन करता हूं संचालन कर रहे संदीप डगाईच गुरु गोविंद सिंह एवं माता गुजरी जी को भी याद किया ऐसे वीर सपूतों के लिए एवं सनातन धर्म की रक्षार्थ के लिए कोटि–कोटि नमन कार्यक्रम में दिनेश यादव नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा प्रकाश सेठ अनूप सिंन्हा संत कुमार लल्लू संगीता सेठ प्रकाश दास संजीत सिंह पप्पू अमर शर्मा ज्योति शर्मा आदित्य यादव मन्नू उपाध्याय और देवराज विनय सिंह मिथुन चंद्रवंशी संजीव सिंह गुड्डू और उत्तम पांडे जयशंकर सिंन्हा नीलू सिंन्हा मनोज शंघाई सोनू चौरसिया, विवेश जलान समेत कई कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे धन्यवाद ज्ञापन हरमिंदर सिंह बग्गा के द्वारा किया गया।

# राजापारम में समाजसेवी सह भाजपा नेता के पुण्य तिथि पर हुआ कंबल का वितरण

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)।** बंदगांव–राजापारम में समाजसेवी सह भाजपा नेता लव पूर्ति के पुण्य तिथि पर मुखिया कुश पूर्ति ने लांडूपदा पंचायत के कई वृद्धा महिला पुरुष एवं विधवा के बीच ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया. ज्ञात हो कि लव पूर्ति का आकस्मिक मृत्यु विगत वर्ष 26 दिसंबर को हो गया था.वह ग्राम राजापरोम के काफ़ी कर्मठ सहनशील एवं सामाजिक कार्यों नेतृत्व करता था.

इस पुण्य तिथि पर पूरा गांव के साथ साथ पंचायत वासियों ने उसको आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया.मौके पर मुखिया कुश पूर्ति ने कहा लव पूर्ति भाजपा के कर्मठ युवा मोर्चा के महामंत्री एवं समाजसेवी थे.उनकी कमी सदा ही पार्टी एवं ग्रामीणों को रहेगी. इस अवसर मुख्य रूप से सुमिता होता फाउडेंशन के अध्यक्ष सादानंद होता जी, कराईकेला पंचायत समिति के सदस्य तीरथ जामुदा, लांडूपदा लैम्प्स के अध्यक्ष सुरेश चंद्र पूर्ति, वार्ड सदस्य अगस्त बोदरा, सुशील पूर्ति, मनकी पूर्ति, चुम्बरू पूर्ति, विजय पूर्ति, राजेन्द्र बोदरा आदि मौजूद थे.

# क्रिसमस पर राजापारम में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़

## साइकिल रेस में प्रथम सरजू कोड़ा व द्वितीय गार्दी सुंडी ने मारी बाज़ी



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)।** बंदगांव–लान्डुपौदा पंचायत के राजापारम खेल मैदान में क्रिसमस पर्व के अवसर पर राजापारम स्पोर्ट कमिटि राजापारम द्वारा दो दिवसीय खेलकुद प्रतियोगिता गुरुवार को संपन हुआ. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष तीरथ जामुदा एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया कुश पुर्ति, बिक्रम अग्रवाल एवं संजय चंदोलिया उपस्थित थे. कार्यक्रम को संबसेधित करते हुए श्री जामुदा ने कहा कि खेल से लोगो का मानसिक विकास होता है. गांव में इस तरह का प्रतियोगीता आयोजन होने से खिलाडियों का मनोबल बढता है व आपसी भाई चारा कायम होता है.

उन्होंने कहा यहां खेलकूद प्रतियोगिता बहुत ही भव्य रूप से होता है. यहां सभी खेलड़ियो को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है.मुखिया कुश पूर्ति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खेलाडियों को यहां बेहतर मंच प्रदान करने की कोशिश है.उन्होंने कहा यहां के खेलाडियों को खेल के क्षेत्र में सभी तरह की मदद प्रदान की जायेगी. प्रतियोगीता में बच्चों का दौड़ मे सिबु सिजुई, के के लौंडा, बच्चियों का दौड़ में सिमा लुगुन, संगीता मेलगंडी, युवतियों का दौड़ में सलामी गागराई , बामिना पूर्ती, बेलून फोड़ में गुरुवारी गागराई, रूपा हेम्ब्रम, बिस्कुट रेस में मंदिरा बानरा, पार्वती हेम्ब्रम, जवानों का दौड़ में राज सुरीन, राहुल गईया, हंडी फोड़ में कमला हेम्ब्रम, मेकप रेस में मधु दोराय, सकीना दोराय, अंधा लंगड़ा रेस में सचिन बानरा, होस्टल बॉय, महिलाओं का हंडी फोड़ में सिलवंती ओड़िया, साइकिल रेस में सरजू कोड़ा व गार्दी सुंडी क्रमशः प्रथम व द्वितिय स्थान पर रहे। सभी सफल प्रतिभागी को अतिथि द्वारा पुरस्कार दिया गय. कार्यक्रम को सफल बनाने में अमिति पूर्ती, प्रकाश पूर्ती, सुधीर पूर्ती, सुरेश पूर्ती, सुखदेव पूर्ती, इलियेश पूर्ती, विजय पूर्ती, राफेल पूर्ती, मानकी पूर्ती, शिवो पूर्ती आदी लोगों का सराहनिय योगदान रहा.इस मौके पर हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## संक्षिप्त खबरें ।

### शहीद साहिबजादो को बिहपुर एनडीए कार्यालय में दिया गया श्रद्धांजलि



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। गुरूवार को वीर वाल दिवस पर बिहपुर प्रखंड स्थित एनडीए बिहपुर में एनडीए नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहीद साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।मंडल भाजपा के दक्षिणी व उत्तरी अध्यक्ष क्रमशः दिलीप मेहता व ब्रजेश चौधरी के संयोजन में कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता प्रो.गौतम कुमार ने किया।इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अपने धर्म से विचलित होने से मना करने पर आज ही के दिन गुरू गोविंद सिंह के दोनो पुत्र साहिबजादा जोराबर सिंह व साहिबजादा फतेहसिंह दीवार में जिंदा चुनवा दिए जाने के कारण शहीद हो गए थे।विधायक श्री शैलेंद्र समेत नवगछिया पुलिस जिला भाजयुमो के अध्यक्ष रूपेश कुमार रूप ने कहा कि माता गुजरी,श्री गोविंद सिंह जी और चार साहिबजादों की वीरता हमें समावेशी व सामांजस्यपूर्ण समाज निर्माण करने की शक्ति भी प्रदान करता है।इस मौके पर उर्पयुक्त सभी नेताओं समेत प्रखंड जदयू अध्यक्ष मनोज कुमार लाल,मु.मुर्शीद, लालमोहन,अजय उर्फ माटो,सदानंद,सिंटू मंडल व संतोष कुमार राय आदि समेत अन्य कई एनडीए के क्षेत्रीय नेता व कार्यकर्ताओं उपस्थिति थी।विधायक श्री शैलेंद्र ने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया है।

### डीएम ने अंचल एवं ब्लॉक कार्यालय का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां। पकरीबरावां गुरूवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अंचल कार्यालय पकरीबरावां एवं बीडीओ कार्यालय पकरीबरावां का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने बीडीओ मृत्युंजय कुमार एवं सीओ निशांत कुमार को कई आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने दोनो कार्यालय पहुंचकर कई आवश्यक दस्तावेजों की जांच की एवं संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

### पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर ने पकरीबरावां थाना का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा
पकरीबरावां। पकरीबरावां गुरूवार को पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम ने पकरीबरावां थाना का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने थाना के कई आवश्यक पंजियो की जांच की इस दौरान उन्होंने विभिन्न कांडो के अनुसंधान कर्ता से कांड का रिव्यू किया एवं केस के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया अपराधियों के धर पकड़ में भी तेजी लाने का निर्देश दिया इस अवसर पर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एस आई स्नेहा कुमारी, अपर थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव, कन्हैया लाल,एएसआई चंदन कुमार,अशोक पाल,अरविंद कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

### नाट्य कला परिषद,कुटरी के संस्थापक सदस्य का निधन,शोक की लहर

लोकतंत्र की आवाज
वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) ।वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के कुटरी ग्रामीण अवकाश प्राप्त शिक्षक सह नाट्य कला परिषद के संस्थापक सदस्य कृष्णनंदन पाठक का निधन बुधवार की सुबह हो गई है,वे 85 वर्ष के थे।बताया गया कि पाठक का निधन अचानक ठंड लग जाने से हो गयी।वे अपने पीछे तीन पुत्र,एक पुत्री व पौत्र आदि छोड़ गये हैं।स्व पाठक बोकारो स्टील सिटी में शिक्षक के पद से अवकाश ग्रहण करने के बाद अपने पैतृक आवास पर रह रहे थे।केएन पाठक एक अच्छे हिंदी व अंग्रेजी के वक्ता थे।अपने जीवन काल के अंतिम क्षणों तक नाट्य कला परिषद से जुड़े रहकर कला के साथ निर्देशन व संचालन का कार्य करते रहे।उनके द्वारा लिखित कई नाटक का मंचन ग्रामीण कलाकारों द्वारा किया गया। निधन की जानकारी मिलते ही पूरे गांव समेत उनके चाहने वालों क्षेत्रवासियों में शोक व्याप्त हो गया है।

### बगहाः गर्भवती महिलाओं व बच्चों को लगा टीका

लोकतंत्र की आवाज
मधुबनी से सूरज यादव
बगहा। पिपरासी पीएचसी के पोषक क्षेत्र में गर्भवती व बच्चों को टीक बुधवार को लगाई गयी। पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शून्य से पांच वर्ष तथा गर्भवती को टीका लगाया गया। गर्भवती की स्वास्थ्य जांच कर आयरन कैल्शियम विटामिन की दवा दिया गया। किसी भी सेंटर से कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली है।

### वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया




लोकतंत्र की आवाज
छातापुर। वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे एक महान विद्वान, सक्षम अर्थशास्त्री और संवेदनशील नेता थे, जिनकी दूरदर्शिता और नीतियों ने भारत को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका योगदान भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में सदैव अमिट रहेगा। संजीव मिश्रा ने आगे कहा, "उनकी नेतृत्व क्षमता और नीति–निर्माण में दी गई दिशा को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से देश ने एक महान मार्गदर्शक को खो दिया है। हम उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। ॐ शांति।

# गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज के संस्थापक की 17वीं पुण्यतिथि बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**सिकन्दरपुर /बलिया।** गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज के प्रांगण में गुरूवार को संस्था के संस्थापक स्व० बालेश्वर प्रसाद गुप्ता की 17वीं पुण्यतिथि धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा अध्यात्म, देशभक्ति, नशा मुक्ति सहित विभिन्न विषयों पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर उपस्थित लोग बरबस ही तालियां बजाने को मजबूर हो उठें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव रहें।

संबोधन में मुख्य अतिथि ने स्व० बालेश्वर प्रसाद के कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि बालेश्वर प्रसाद एक महान शिक्षाविद थें, जिन्होंने निःस्वार्थ रूप से शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया। उनकी स्मृति हमेशा हमारे दिलों में रहेंगी। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने के साथ ही विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालें दर्जनों छात्र छात्राओं को शील्ड, ट्राफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं सम्मानित हुए छात्र छात्राओं के सम्मान में उपस्थित हजारों बच्चों का आत्मविश्वास व तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा विद्यालय परिसर गूंज उठा।



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कार्यसमिति सदस्य भाजपा बलिया मनीष सिंह ने कहा कि गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज व गंगोत्री नेशनल स्कूल क्षेत्र का एक ऐसा विद्यालय हैं, जिसमें छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतरीन शिक्षा व सुसंस्कार दिए जातें हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित पूरे विद्यालय परिवार का भूरी भूरी प्रशंसा किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रशेखर गुप्ता, मदन गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, मनिंदर गुप्ता, हिमांशु नारायण, प्रकाश जी, हीरा लाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, रामनिवास यादव, अरविन्द वर्मा, सुनील सिंह, विजयराज सिंह, काशीनाथ यादव, तेज प्रकाश, अमृतकांत सिंह, हेमंत राय, अब्दुल्लाह जी, शुभेंद्र कुमार, सत्यनारायण, साहेब आलम, अजीत, रामजी राय, दिलीप तिवारी, अनुराग समेत सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता व संचालन विद्यालय के अध्यापक त्रिलोकीनाथ पाण्डेय ने किया।

## बगहा नगर थाना ने बरामद किया 160 लीटर अंग्रेजी शराब,चालक फरार

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
**बगहा।** नगर थाना द्वारा शराब धंधेबाजो,असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार मुहिम छेड़ रखा है तथा नगर थाना की सख्त कारवाई मे गुरुवार को दीनदयाल नगर घाट के पास गाड़ी से लगभग 160 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है तथा वाहन जब्त किया गया है।पुलिस निरीक्षक सह नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने शराब बरामदगी होने की पुष्टि की है।उन्होंने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर यह कार्यवाही किया गया है।जिसमे सुचना के आलोक में सब–इन्स्पेक्टर मोहित कुमार,ऋषिकांत कुमार,एएसआई मो एकतेदार के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने अपनी जाल बिछा दी और वाहन सहित गाड़ी को जप्त कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि बगहा पुलिस सख्त है तथा शराब कारोबारियों,असमाजिक तत्वों एवं पशु तस्करों के विरुद्ध लगातार मुहिम छेड़ रखा है।फलस्वरूप लगातार पुलिस को उपलब्धि मिल रही है।पुलिस निरीक्षक सह नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि वाहन को जब्त करते हुए कांड संख्या 309/24 अंकित कर दिया गया है और फरार कारोबारी की छापेमारी शुरू कर दी गई है।वही इस कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में काफी हडकंप मच गया है।

## मुरादाबाद:स्टाफ नर्स के आवास से चोरी, सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए चोर



**लोकतंत्र की आवाज**
**संवाददाता सईद कुरैशी**
**ठाकुरद्वारा।** स्टाफ नर्स के आवास के गेट का कुंडा काटकर चोरी कर ली गई। चोर सीसीटीवी की डीवीआर भी उड़ा कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

गुरुवार की सुबह सीएचसी पर तैनात स्टाफ नर्स शाहीन मुमताज अस्पताल परिसर स्थित अपने आवास को ताला लगाकर ड्यूटी पर चली गईं। जब वह दोपहर करीब 1:00 बजे वापस अपने आवास पर आईं तो मेन गेट और कमरे के गेट का कुन्डा कटा हुआ देखकर हैरान रह गईं। स्टाफ नर्स ने बताया कि चोर द्वारा घर में रखी बच्चों की गुल्लक से और उनके पर्स में रखे करीब एक लाख रुपए नकदी और चांदी की एक जोड़ी पाजेब चोरी कर ली। साथ ही चोर घर में लगे सीसीटीवी की डीवीआर भी उखाड कर ले गए। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पूर्व मंत्री शारदा नन्द अंचल की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया ।** चितबड़ागाँव थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहे पर स्थापित पुर्व मंत्री शारदा नन्द अंचल की मुर्ति को बुधवार रात लगभग 12 बजे असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया।जानकारी होने पर एडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर थानाध्यक्ष चितबड़ागांव थानाध्यक्ष फेफना, थानाध्यक्ष नरही के साथ मौके पर पहुंचे इस मौके सपा के जिला अध्यक्ष/ विधायक संग्राम चौधरी,पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, बैरिया के विधायक और पूर्व मंत्री शारदा नन्द अंचल के पुत्र जयप्रकाश अंचल , समाजवादी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रजनीश यादव ब्लाक प्रमुख बंशीधर यादव, जिला पंचायत सदस्य वीरलाल यादव सहित सैकड़ों लोगों घटना स्थल पर पहुंचे।

मुर्ति क्षतिग्रस्त होने पर मौके पर मौजूद लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला



मिडिया से बात करते हुए पुर्व मंत्री अंबिका चौधरी ने इस घटना की भर्त्सना करते हुए अपना विरोध जताया साथ इस घटना को अंजाम देने वालो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से किया। साथ ही कार्रवाई करने के लिए तीन दिन का अल्टिमेटम भी दिया और कहा की संतोषजनक कार्रवाई नहीं की दशा में सोमवार को जिला कार्यालय पर बैठक कर आगे की आन्दोलन की करने की बात कही इस सन्दर्भ में जब थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात पर मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई किया जा रहा है।

# मृतक के परिजनों से मिलकर डॉ. अनुज ने दी सांत्वना, कहा-हर संभव करेंगे सहायता

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
**नवादा।** नवादा प्रखंड के महुली पंचायत के करनी महुली गांव में दो दिन पहले बिल्कुल आर्थिक रूप से कमजोर ललमुनी राजवंशी की मृत्यु गंभीर बीमारी से हो गई थी। मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के निदेशक,समाजसेवी डॉ अनुज सिंह करनी महुली गांव पहुंचकर मृतक परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। ज्ञात हो कि स्वर्गीय ललमुनी राजवंशी के परिवार स्थिति बिल्कुल दयनीय है।

मृतक अपने परिवार का जीविकोपार्जन गांव में ही दूसरे के यहां मजदूरी करके किया करता था। अपने घर का एकमात्र कमाउ सदस्य था । यहां तक कि उनकी मृत्यु के बाद परिवार के पास दाह संस्कार के लिए पैसे नहीं थे तो किसी तरह से पूरे गांव के सहयोग



से मृतक का दाह संस्कार किया गया। इस घटना की जानकारी जब डॉ अनुज को मिली तो तुरंत ही उस परिवार से मिलकर इस दुख की घड़ी में साथ रहने का आश्वासन दिया एवं तत्काल परिजनों से बात कर मृतक के श्राद्ध कर्म हेतु 10000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।

डॉ अनुज ने परिवार को देते हुए कहा कि यह समय धैर्य रखने का है,मॉडर्न समूह आपके साथ खड़ा है ,आगे जो भी संभव होगा सहायता प्रदान की जाएगी।मॉडर्न हमेशा जात–पात से आगे उठकर गरीबों की सहायता करने में आगे रहा है। संवेदना प्रकट करने वालों में समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ,दिलीप कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# दूर की जाएंगी कामिल/फाजिल मदरसों की संबद्धता की अड़चन, प्रतिनिधिमंडल का मंथन

लोक तंत्र की आवाज

सतीश
**लखनऊ ।**ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के प्रतिनिधिमंडल ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर के साथ बैठक में मान्यता प्राप्त कामिल/फाजिल मदरसों की संबद्धता सहित 30 सूत्री मांगों पर चर्चा की। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि कामिल/फाजिल के परीक्षार्थियों का साल खराब नहीं होने दिया जाएगा और उनकी परीक्षाएं कराने का हल जल्द ही ढूंढ लिया जाएगा।

एसोसिएशन के मुताबिक, मंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और मदरसा शिक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के बाद कामिल/फाजिल के परीक्षार्थियों का साल खराब नहीं होने देने का आश्वासन दिया है।



माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में इंगित प्रोफेसर यशपाल बनाम छत्तीसगढ़ तथा बिहार के शासनादेश की तर्ज पर उनकी परीक्षाएं कराने का हल जल्द ही ढूंढ लिया जाएगा। कामिल/फाजिल स्तर के मदरसों की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री, प्रमुख सचिव से वार्ता का क्रम जारी है, जिस स्तर पर भी संभव होगा संबद्धता का रास्ता निकाला जाएगा।

छठे वेतन आयोग की सिफारिश में मदरसा शिक्षा परिषद के प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक, आलिया के वेतन की विसंगतियों को दूर करने के लिए वित्त विभाग से चर्चा करके हर स्तर पर शासनादेश जारी किया कराया जाएगा।

# बिजनौर में कार ने बाइक को मारी टक्करः हादसे में पति–पत्नी की मौत, मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह
**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर की तहसील बिजनौर के क्षेत्र किरतपुर इलाके के नजीबाबाद रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार पति–पत्नी की मौत हो गई, जबकि एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे में रविंदर और शीतल की मौत हादसा गुरुवार को बिजनौर के किरतपुर थाना क्षेत्र के नजीबाबाद रोड पर बुढ़पुर नैन सिंह के पास हुआ। रविंदर लायक



पूरी उमरी का निवासी था, वह अपनी पत्नी शीतल और एक मासूम बच्ची के साथ बाइक पर जा रहा था। जैसे ही वे बुढ़पुर नैन सिंह के पास पहुंचे, एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रविंदर और शीतल की मौत हो गई, जबकि उनकी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किरतपुर कोतवाल ने कहा कि शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है ।

# जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** सभी सीडीपीओ नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं रखें सुनिश्चि। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासनादेशानुसार/नियमानुसार विभागीय कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में लर्निंग लैब बनाए जाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए विकासखंड दुबहड़ में अन्य विकास



खण्डों के सापेक्ष लर्निंग लैब बनाए जाने के कार्य में प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीडीपीओ को पोषण ट्रैकर पर आधार सत्यापन तथा होम विजिट आदि की फीडिंग में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सैम व मैम की जानकारी प्राप्त करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि विशेष ध्यान देते हुए सैम व मैम बच्चों का चिन्हीकरण कर उन्हें शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी सैम व मैम बच्चा छूटने न पाए, सभी को लाभान्वित किया जाय।

डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पुष्टाहार समय से लाभार्थियों को वितरित हो जाय। पुष्टाहार के वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय, शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित रखा जाय तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की जाय। बैठक में जिला विकास अधिकारी आनंद प्रकाश सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।